आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 163 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
www.hukmnamasamachar.com
जयपुर, मंगलवार, 17 मार्च, 2026
www.Lokvarta.net

# बिहार में एनडीए ने सभी 5 राज्यसभा सीटें जीतीं



**नई दिल्ली।** हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। एनडीए ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा

## वोट विवाद पर हरियाणा में काउंटिंग रुकी

में काउंटिंग जारी है। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई। बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई।

बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में एनडीस के सभी 202 विधायकों ने, जबकि महागठबंधन की तरफ से 37 विधायकों ने वोट डाले। कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक नदारद रहे। वहीं, हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला। इंडियन नेशनल लोकदल के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे।

**नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले** जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने आरजेडी के एडी सिंह को हरा दिया है। एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, आरजेडी विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं। ओडिशा के विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा- ब्रह्मगिरि की विधायक ने मतदान करते समय गलती की थी। लेकिन मतदान कक्ष में बैठे अधिकारी ने अवैध रूप से उनके वोट को स्वीकार कर लिया और दूसरा वोट जारी कर दिया।

**कांग्रेस वोटों पर आपत्ति के चलते हरियाणा में मतगणना रुकी** राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेस वोटों पर आपत्ति के बाद मतगणना की प्रक्रिया रोक दी गई। जानकारी के अनुसार बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई। गौरव गौतम बीजेपी के पोलिंग एजेंट, जबकि किशन बेदी पार्टी के इलेक्शन एजेंट हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी मंत्री अनिल विज के वोट पर आपत्ति दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त खबरें



### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लैंडस्लाइड, एक की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बर्फबारी के बीच एक हाइड्रोपावर प्रोज्क्ट के पास हुए लैंडस्लाइड हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। इसी बीच, सेना ने भारी बर्फबारी के कारण किश्तवाड़ के सिंथन टॉप इलाके में फंसे महिलाएं और बच्चे सहित 235 लोगों को रेस्क्यू किया। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए थे। इधर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बर्फ देखने गए टूरिस्ट पूरी रात अटल टनल रोहतांग में फंसे रहे।

### बंगाल में ममता की दोनों सीटों पर लड़ेंगे सुवेंदु, बीजेपी ने नंदीग्राम-भवानीपुर से टिकट दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट दिया है। ये दोनों सीटें बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की हैं। सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था। नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट टीएमसी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं।

### बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद कोलकाता पुलिस कमिश्नर नियुक्त हुए हैं। राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है।

### पूर्व पीएम देवगौड़ा ने राहुल के प्रदर्शन की आलोचना की

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) नेता एचडी देवगौड़ा ने संसद में विपक्ष के हंगामे के तरीके को लेकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लेटर लिखा है। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना संसद उनके विरोध की आलोचना की। 92 साल के देवगौड़ा ने दो पेज के लेटर में राहुल के हाल के प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि संसद के बजट सत्र के दौरान लगातार नारेबाजी, पोस्टर दिखाने और धरना-प्रदर्शन से लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। संसद परिसर में सीढ़ियों पर बैठकर चाय-नाश्ते के साथ प्रदर्शन करना संस्थान की गरिमा को कम करता है।

### हैदराबाद फार्महाउस ड्रग्स केस-पूर्व एमएलए रोहित रेड्डी समेत 3 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** पुलिस की एक विशेष टीम ने शनिवार रात हैदराबाद के पास मोइनाबाद स्थित एक फार्म हाउस पर छापेमारी कर एक हाई-प्रोफाइल ड्रग पार्टी का पर्दाफाश किया है। मौके पर ही पार्टी में शामिल 11 लोगों की जांच की। आंध्र प्रदेश से तेलुगु देशम पार्टी सांसद पुट्टा महेश कुमार और बीआरएस के पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित 11 लोगों को हिरासत में लिया गया।

### पटेला री पोल

ममता की अब कड़ी परीक्षा, बीजेपी देगी टक्कर
ईडी सीबीआई साथ मे, कमी नहीं बीजेपी में शक्कर
सीधी लड़ाई अब तक लड़ी, ममता कमजोर पड़ी नहीं
साम दाम दंड भेद चलेंगे, होगा वही जो लिखा बही

..मुखिया जी

# संसद में निलंबित 8 सांसदों को आज बहाल किया जाएगा

### ऑल पार्टी मीटिंग में बनी सहमति



**नई दिल्ली।** संसद में निलंबित किए गए आठ सांसदों का निलंबन मंगलवार को वापस लिया जा सकता है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि मंगलवार को संसद में प्रस्ताव लाकर इन सांसदों का निलंबन रद्द किया जाएगा।

सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी। सूत्रों के अनुसार, ऑल पार्टी मीटिंग में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसद शामिल हुए और बैठक में इस बात पर राय बनी कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने के लिए निलंबन को समाप्त किया जाना चाहिए। बैठक में यह भी तय हुआ कि निलंबित सांसदों को आगे से सदन में मर्यादा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अनुचित भाषा का प्रयोग न करने की हिदायत दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को संसद में निलंबन समाप्त करने के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि यह प्रस्ताव विपक्ष की ओर से पेश किया जा सकता है, जिस पर सदन की सहमति से निर्णय लिया जाएगा।

## राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा।

## ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग

### 10 मरीजों की मौत

### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

**कटक।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी।यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलसगए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

### 11 कर्मचारी भी झुलसे



ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है।

### राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थानी जनजाति गौरव दिवस का आयोजन

# राजस्थान की विकास यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय- मुख्यमंत्री

### बेणेश्वर धाम का करेंगे सर्वांगीण विकास









**मुख्यमंत्री ने आदिवासी बाहुल्य जिलों के 1 हजार 902 करोड़ रुपये के 326 विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज अपनी समृद्ध परंपरा, विशिष्ट संस्कृति तथा प्रकृति के साथ गहरे संबंध के लिए प्रसिद्ध है। इस समाज ने ऐसे वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। देश-प्रदेश का विकास इनकी सक्रिय भागीदारी से ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी के तहत राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह दिन आदिवासियों को समर्पित है। इन्होंने राजस्थान की इस विकास यात्रा में अतुलनीय योगदान दिया है। शर्मा सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना हुई थी। हमारी सरकार ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही राजस्थान दिवस मनाने का निश्चय किया था। इसीलिए इस वर्ष 19 मार्च के दिन प्रदेशभर में इस दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेणेश्वर धाम की ऐतिहासिक भूमि आदिवासी आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र है। राज्य सरकार द्वारा बेणेश्वर धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जाएगा और इस संबंध में डीपीआर भी तैयार की जा रही है।

**जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक निर्णय** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में जनजाति उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छात्रावासों में मैस भत्ता ढाई हजार से बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रति माह किया है। साथ ही, खेल अकादमियों में मैस भत्ते में बढ़ोतरी, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जनजाति विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, सीए व सीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि 244 नए मां-बाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है तथा जनजाति किसानों को मुफ्त संकर मक्का बीज एवं मिनिकिट का वितरित किया गया है। इसी तरह प्रदेश के 8 जिलों में 530 वन धन विकास केंद्रों का गठन कर डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजाति समाज के खिलाड़ियों ने एशियन लेक्रोस गेम्स, राष्ट्रीय लेक्रोस चैंपियनशिप सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीते हैं।

### हमारा हस्तशिल्प जनजातीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति

शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज ने अपनी आजादी से कभी समझौता नहीं किया। भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के शोषण के विरुद्ध संघर्ष की अलख जगाई। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पिछले वर्ष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में जनजातीय गौरव वर्ष मनाया। उन्होंने कहा कि हमारा हस्तशिल्प जनजातीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। पिथोरा चित्रकला, बांस की बुनाई, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी आदि सभी हमारी अनमोल सांस्कृतिक विरासत हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि इन सभी कलाओं को सम्मान मिले और कलाकारों को इनका उचित मूल्य मिले।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त कर रही राज्य सरकार

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' का होगा आयोजन

### युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा शिलान्यास एवं लोकार्पण

**मुख्यमंत्री युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र सहित स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप फंड का करेंगे वितरण**



**मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत प्रथम लाभार्थी को सौंपा जाएगा चेक**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन पर कार्य करते हुए राज्य सरकार युवाओं को सशक्त कर प्रदेश के भविष्य को सुदृढ़ करने एवं 'विकसित राजस्थान-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों के तहत मंगलवार (17 मार्च) को 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।

जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार की संस्थाओं आरसीएटी/ आरकेसीएल/ आरएसएलडीसी से एआई कोर्स, वेब डिजाइनिंग जैसी विधाओं में प्रशिक्षित 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप का 1 हजार 145 लाख रुपये का फंड वितरित किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत प्रथम लाभार्थी को चेक भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार द्वारा युवाओ पर आधारित लघु फिल्म 'युवाओं का उत्थान' का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



## पश्चिम एशिया तनाव के बीच एलपीजी लेकर पहुंचा पहला भारतीय जहाज शिवालिक

**गांधीनगर।** पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। यह कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी। शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।

CMYK

## सवाई माधोपुर में ब्लैक सोल्जर फ्लाई तकनीक से कचरा प्रबंधन की शुरुआत

# राजस्थान में पहली बार ग्राम पंचायत खिलचीपुर में नवाचार, जैविक कचरे का होगा वैज्ञानिक निस्तारण

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव पहल करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नगर विकास न्यास के सचिव गौरव बुडानिया ने जिला कलक्टर काना राम के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत खिलचीपुर के रिसोर्स रिकवरी सेंटर पर ब्लैक सोल्जर फ्लाई आधारित जैविक कचरा प्रबंधन तकनीक की शुरुआत की है। यह पहल राजस्थान में अपनी तरह की पहली अनोखी पहल साबित होगी।

जिससे जैविक कचरे का पर्यावरण अनुकूल निस्तारण सुनिश्चित कर उसे उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जाएगा। इस तकनीक के माध्यम से भोजन अवशेष, फल-सब्जियों के छिलके तथा अन्य गीले जैविक कचरे को ब्लैक सोल्जर फ्लाई के लार्वा द्वारा तेजी से विघटित किया जाएगा, जिससे कचरे की मात्रा में उल्लेखनीय कमी आएगी और उसे जैविक खाद एवं प्रोटीन युक्त पशु आहार जैसे उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जा सकेगा। यह तकनीक पारंपरिक कचरा प्रबंधन की तुलना में अधिक तेज, कम लागत वाली और पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती है।

यह नवाचार रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पर्यटन और आसपास के क्षेत्रों से उत्पन्न जैविक कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण संभव होगा। इससे कचरे से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

जिला प्रशासन के अनुसार यह पहल भविष्य में प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी कचरा प्रबंधन का एक प्रभावी मॉडल बन सकती है। इस प्रक्रिया के लिए हैदराबाद से विशेष ब्लैक सोल्जर फ्लाई मंगाई गई, जिन्हें ग्राम पंचायत खिलचीपुर के कचरा संग्रहण केंद्र पर छोड़ा गया।


कार्यक्रम में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, डॉ. सरोज बैरवा, उबुन्टू फाउंडेशन के सचिव नरेश कुमार चौधरी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि राजेन्द्र माली सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



## एक नजर

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार संगठन जिला कार्यसमिति का गठन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री सन्मति हरकाडा एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता की अनुमति व परामर्श पर संगठन के जिला संयोजक प्रकाश जैन फुलेता वाले ने उद्योग व्यापार संगठन जिला कार्यसमिति का गठन किया है, जिसमें जिला उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश जैन बरवास, जिला महामंत्री प्रमोद अग्रवाल मोदी, जिला मंत्री पारस जैन ऊम, राजेंद्र गुप्ता विशाल होजरी, सलाहकार मनीष गोयल अनाज वाले, कमलेश जैन लालवाड़ी वाले, अशोक जैन छामुनिया, संगठन मंत्री विष्णु मोदी, सुनील कुमार बोरदा, मोहन लाल बिंदल एवं त्रिलोक गोयल को सदस्य बनाया गया है।



बंदियों की सुरक्षा, भोजन व चिकित्सा व्यवस्थाओं की ली जानकारी

### जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागृह का औचक निरीक्षण




**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर कानाराम ने पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के साथ सोमवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने जेल परिसर, बैरकों, रसोईघर, बंदियान लंगर तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान पेयजल, भोजन व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। उन्होंने कारागृह में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कारागृह प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बंदियों को भी अनुशासित व्यवहार बनाए रखने और अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कारागृह परिसर में सीसीटीवी कैमरों नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 70 बंदी उपस्थित पाए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीणा, पुलिस उपाधीक्षक, जिला कारागृह जेलर ताराचन्द शर्मा सहित कारागृह स्टाफ उपस्थित रहे।

### अचरोल में महिला से 80.37 ग्राम गांजा जब्त, पूजा सांसी गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** ड्रग्स तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदवाजी थाना पुलिस और डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 80.37 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश के निर्देश पर 15 से 31 मार्च तक 'ऑपरेशन एंटी वेनम' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएसटी टीम को सूचना मिली कि ग्राम अचरोल में एक महिला गांजा बेच रही है। सूचना के आधार पर प्रशिक्षु आईपीएस व थाना प्रभारी नितिन चौधरी और डीएसटी प्रभारी सुहेल खान के नेतृत्व में टीम ने अचरोल में पेट्रोल पंप के सामने पूजा सांसी के मकान पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान टेबल पर रखी थैली से 80.37 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी पूजा सांसी (22) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नवरात्रि मेले पर डोंगरगढ़ स्टेशन पर दो रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नवरात्रि मेले के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर में बढ़ने वाले यात्री आवागमन को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ रेल सेवाओं का डोंगरगढ़ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव देने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर तथा बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवाओं का डोंगरगढ़ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव रहेगा। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 20843, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक डोंगरगढ़ स्टेशन पर रात 21:56 बजे पहुंचेगी और 21:58 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20844, भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस डोंगरगढ़ स्टेशन पर सुबह 05:40 बजे पहुंचेगी और 05:42 बजे रवाना होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 20845, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस भी 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक डोंगरगढ़ स्टेशन पर रात 21:56 बजे आगमन और 21:58 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 20846, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस डोंगरगढ़ स्टेशन पर सुबह 05:40 बजे पहुंचेगी और 05:42 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार नवरात्रि मेले के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है।

## रणथंभौर में गश्त के दौरान वनकर्मियों के सामने आया टाइगर, बाइक छोड़ जिप्सी में चढ़कर बचाई जान

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व के सुल्तानपुर वन क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। जंगल में बाइक से गश्त कर रहे वनकर्मियों के सामने अचानक टाइगर आरबीटी-2511 आ गया। टाइगर को देखते ही वनकर्मियों के होश उड़ गए और उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक मौके पर ही छोड़ दी तथा पास में मौजूद पर्यटक जिप्सी में सवार होकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार रणथंभौर टाइगर रिजर्व की आरोपीटी रेंज के सुल्तानपुर वन नाके के अधीन गाड़ा डूब वन क्षेत्र में वनकर्मी निरंजन अपने साथ होमगार्ड जितेंद्र शर्मा के साथ बाइक से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके सामने टाइगर आरबीटी-2511 आ गया। टाइगर को सामने देखकर वनकर्मियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवारों को देखकर टाइगर भी आक्रामक मुद्रा में आ गया था, लेकिन वनकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक वहीं छोड़ दी और पास में सफारी पर आई पर्यटक जिप्सी में सवार होकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। गनीमत रही कि टाइगर ने उनका पीछा नहीं किया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस



दौरान सफारी पर आए पर्यटकों ने भी मौके पर टाइगर और सड़क पर पड़ी बाइक को देखा। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि टाइगर रिजर्व के क्रिटिकल टाइगर हैबिटाट क्षेत्रों में कुछ टाइगर आक्रामक स्वभाव के होते हैं। ऐसे में वनकर्मियों की सुरक्षा के लिए गश्त के दौरान दोपहिया की बजाय चौपहिया वाहनों की व्यवस्था की जानी चाहिए। वहीं, रणथंभौर के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि सुबह गश्त के दौरान वनकर्मियों का टाइगर से आमना-सामना हो गया था। टाइगर ने हमला नहीं किया, बल्कि वनकर्मियों ने सावधानी बरतते हुए पास की जिप्सी में सवार होकर खुद को सुरक्षित कर लिया।

## एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन विधि विशेषज्ञ का व्याख्यान आयोजित

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस के अवसर पर विधि विशेषज्ञ के व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधि विशेषज्ञ एडवोकेट रूपनारायण गुर्जर को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। एडवोकेट गुर्जर ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को विधि से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया।




उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा समाज सेवा के साथ-साथ कानून की समझ विकसित कर जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने समाज में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल मीणा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश शिवरान, वाइस प्रिंसिपल जगदीश नारायण मीणा, सुनीता रानी, मूलचंद मीणा, धर्मवीर शांडिल्य एवं संतोष मीणा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर में दोडा करंट, चपेट में आने से गोवंश की मौत

## आबादी के बीच ट्रांसफार्मर होने के कारण हादसा होने का अंदेशा



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बूज में सोमवार दिनांक 16 मार्च को करंट की चपेट में आने से गोवंश की मौत हो गई। पंचायत समिति सदस्य शांति देवी सैनी व रामजीलाल सैनी उर्फ भगत चाय वाला (बूज) ने बताया की सुबह करीब दस बजे बूज गांव में नकचीघाटी- नायला रोड पर स्थित कीर मोहल्ले में ट्रांसफार्मर में अचानक करंट दोडने से ट्रांसफार्मर के पास होकर गुजर रही गाय करंट की चपेट में आ गई और गौमाता की दर्दनाक मौत हो गई। गौमाता की मौत के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार कीर मोहल्ले में आबादी के बीच एक ही स्थान पर दो पोलों पर चार हाईवोल्टेज ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं, जिनमें अक्सर करंट दोडने लगता है। नकचीघाटी नायला रोड पर स्थित कीर मोहल्ले में स्थित चारों ट्रांसफार्मर सड़क किनारे एवं आबादी के बीच स्थित है, जिससे हमेशा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। गौरतलब है की एक तरफ आबादी ओर दूसरी ओर सड़क, ऐसे में आस-पास के लोगों को हमेशा हादसे के साये में जीना पड़ता है।

## नेहा निगम को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान के 42वें दीक्षांत समारोह में नेहा निगम को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम भारत सरकार ने नेहा निगम को पी. एच. डी. अर्थशास्त्र की उपाधि प्रदान की। नेहा ने अपना शोध कार्य कृषि क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी का विश्लेषण (बूंदी जिले के संदर्भ में) विषय पर डॉ. सीमा शर्मा, प्रो. अर्थशास्त्र विभाग वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान के निर्देशन में किया है।

**राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) पर्यटन भवन, तृतीय तल, विधायकपुरी थाने के सामने, एम. आई. रोड, जयपुर-302001, फोन : 91-141-2361140, 2371141-42 ; Email: croho@rtdc.in

क्रमांक :- 2175 दिनांक :- 10/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 18/2025-26**

राजस्थान पर्यटन विकास निगम लि. जयपुर की ओर से राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से 'Online NIB' आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने व प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.rtdc.tourism.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No : TDC2526WSOB00161, TDC2526WSOB00162, TDC2526WSOB00163

राज.संवाद/सी/25/22584 महाप्रबन्धक - कार्य

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में टोंक के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला, कार्यकारी अध्यक्ष रोहित जैन एवं युवा जिलाध्यक्ष राजेश मंगल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी रहे। मंत्री गौतम दक, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक कालीचरण सर्राफ, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एनके गुप्ता, प्रदेश प्रभारी ध्रुव दास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कलानी, प्रदेश महिला अध्यक्ष चारू गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष निवर्तमान जिला प्रमुख सरोज बंसल, महामंत्री सीमा सेठी युवा, प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता, महामंत्री केदार गुप्ता आदि ने बैठक में भाग लिया। बैठक में समाज के राष्ट्रीय प्रांतीय नेतृत्व की मौजूदगी में राजस्थान से आईएएस की परीक्षा में उत्तीर्ण चार प्रतिभाओं तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वैश्य बन्धुओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश एवं प्रदेश के विकास एवं प्रगति तथा देश की आजादी में वेश्य समुदाय के योगदान की काफी सराहना की। प्रदेश के विकास में राज्य सरकार के बढ़ते कदम का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होने कहा कि वैश्य समाज का देश की अर्थव्यवस्था में मुख्य स्थान है, सभा के द्वितीय चरण में मुख्य वक्ता दामोदर अग्रवाल सांसद ने वैश्य समाज को राजनीति में अपना उल्लेखनीय स्थान हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम में टोंक से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, महिला कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सरोज बंसल, महिला जिलाध्यक्ष रेखा जाजू, प्रदेश उपाध्यक्ष बीना जैन, मंजू गर्ग, जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद, युवा जिलाध्यक्ष राजेश मंगल, कार्यकारी अध्यक्ष रोहित जैन, समाज सेवी रघुनंदन अग्रवाल, ललित विजयवर्गीय आदि मौजूद थे



**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए "मांग पत्र" जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे **सांकेतिक कब्ज़ा** पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चों, अन्य खर्चों आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000010343 श्री दिनेश कुमार सैनी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सैनी (ऋणी) श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार सैनी (सह-ऋणी-1) श्री मोहन लाल पुत्र श्री कैलाश (जमानती-1) श्री संतोष सैनी पुत्र श्री श्याम लाल (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 08, 2025 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- मार्च 11, 2026 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 8,77,040 /- रूपये आठ लाख सतहत्तर हजार चालीस मात्र दिनांक मार्च 07, 2025 तक एवं मार्च 08, 2025 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री दिनेश कुमार सैनी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सैनी की सम्पति पट्टा सं.-11, बुक सं.-58, संकल्प सं.-02(8), ग्राम-नारायणपुर, तहसील-थानागंज, जिला-अलवर (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 150.00 गज वर्ग है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व -गोकुल फोजी का मकान 3 फीट गली के बाद, पश्चिम-निकास और आम रास्ता, उत्तर-जगदीश प्रसाद सैनी का मकान, दक्षिण-जगदीश प्रसाद सैनी का मकान |
| 2. | HLR00000000020377 श्री रमेश पुत्र श्री उमराव (ऋणी) श्री राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्री रमेश चन्द्र (सह-ऋणी-1) श्रीमती अनोप देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र (सह-ऋणी-2) श्री अशोक कुमार पुत्र श्री किशन लाल (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- नवम्बर 13, 2025 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- मार्च 11, 2026 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 9,23,690 /- रुपये नौ लाख तेईस हजार छे सौ नब्बे मात्र दिनांक नवम्बर 07, 2025 तक एवं नवम्बर 08, 2025 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री रमेश पुत्र श्री उमराव जी की सम्पति पट्टा सं.-76, आराजी सं.- 1818, संकल्प सं.-04 (22/09/2019), ग्राम पंचायत-बसाई, ग्राम-बसाई, तहसील-कोटपुतली, जिला-जयपुर (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2080.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-स्वयं का घर, उत्तर- सिंगाराम का मकान, दक्षिण-झबरमाल का मकान |

स्थान-राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 17/03/2026

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# क्या दिल्ली से राजस्थान के वित्तीय अधिकारों पर कैंची चलने का जवाब मांग पाए मुख्यमंत्री जी: टीकाराम जूली

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हालिया दिल्ली यात्रा और केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात पर राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर सवाल खड़े किए हैं। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के बजाय राजस्थान के हक और अधिकारों का हिसाब मांगना चाहिए था। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक सेहत विज्ञापन के 'उत्कर्ष' से कोसों दूर है और हकीकत में राज्य वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से राजस्थान के हिस्से में हुई भारी कटौतियों पर जवाब मांगा? **केंद्र से मिलने वाली राशि में ?8,000 करोड़ से अधिक की भारी कटौती** जूली ने वित्तीय आंकड़ों को स्पष्ट करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के वित्तीय अधिकारों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। स्न्स्ष्ट्व स्कीम के तहत जहाँ ?15,000 करोड़ का अनुमान था, वहां मात्र ?9,500 करोड़ मिले, जो कि 37% की सीधी कटौती है। इसी प्रकार, केंद्रीय करों (ष्ठद्१श्व्य्ह्वह्लद्बश्ठ) के तहत ?85,716 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले केवल ?83,940 करोड़ ही प्राप्त हुए। त्नह्डुठ्ठह्ल-द्ब्ठ्ठ-द्ब्स्न में भी ?39,193 करोड़ की अपेक्षा के विरुद्ध मात्र ?37,910 करोड़ ही मिले। उन्होंने सवाल किया कि प्रदेश के हिस्से के ये ?8,000 करोड़ से ज्यादा रुपये कहाँ गायब हो गए और मुख्यमंत्री इस पर मौन क्यों हैं? 15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आ रही है और बजट 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय करों से प्राप्त राशि में लगभग ?1,776 करोड़ की कमी दर्ज की गई है। **कर्ज के जाल में फंसता राजस्थान** नेता प्रतिपक्ष ने सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि '2 साल बनाम 5 साल' का राग अलापने वाली भाजपा सरकार ने कर्ज लेने के मामले में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने तुलनात्मक आंकड़े पेश करते हुए कहा कि जहाँ कांग्रेस सरकार ने अपने पूरे 5 साल के कार्यकाल में ?2.26 लाख करोड़ का कर्ज लिया था, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार महज 3 साल में ही ?2.22 लाख करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। 5 साल का कर्ज 3 साल में ही डकारने वाली सरकार किस नैतिकता से वित्तीय प्रबंधन की बात करती है? हकीकत यह है कि राज्य की अर्थव्यवस्था (त्नस्ष्ठक्क) का आकार ?1.13 लाख करोड़ (करीब 6%) तक सिकुड़ गया है, जो प्रदेश के



भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत है। **आम जनता पर दोहरी मार: गैस की किल्लत और आर्थिक बोझ** जूली ने कहा कि एक तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी में उलझी है, वहीं दूसरी ओर आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। प्रदेश में रसोई गैस की भारी किल्लत है, जिसका प्रमाण स्वयं मुख्यमंत्री की बेणेश्वर धाम की सभा में देखने को मिला, जहाँ भोजन गैस के बजाय लकड़ी के चूल्हों पर बनाया गया। जब मुख्यमंत्री की सभाओं में एलपीजी उपलब्ध नहीं है, तो आम आदमी और छोटे व्यापारियों की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या वे दिल्ली से इन घाटों की भरपाई का कोई ठोस वादा लाए हैं या राजस्थान को सिर्फ कर्ज के दलदल में फंसाकर लौट आए हैं।

### जेकेके में 'कला मेला' आज

## युवा कलाकारों को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका; पांच दिन होंगे अलग-अलग आयोजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से 17 मार्च से 21 मार्च तक जवाहर कला केंद्र में 'कला मेला' आयोजित किया जाएगा। इसमें राजस्थान के युवा कलाकारों को अपनी कला और रचनात्मकता दिखाने का मौका मिलेगा। यह आयोजन कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार और जवाहर कला केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है। 17 मार्च को शाम 6 बजे इसका उद्घाटन होगा। इस बार मेले का 25वां संस्करण है। आयोजकों के अनुसार- यह मेला राजस्थान के उभरते और युवा कलाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है, जहां वे अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन कर सकते हैं। कला प्रेमियों और विशेषज्ञों से संवाद भी कर सकते हैं। मेले के दौरान अलग-अलग विधाओं के कलाकार अपनी पेंटिंग्स और अन्य रचनात्मक कृतियों को प्रदर्शित करेंगे। कला मेले का उद्घाटन 17 मार्च को शाम 6 बजे किया जाएगा। मेले के दौरान हर दिन अलग-अलग रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को कला शिविर, सिंधी भगत, फ्रैस्को कार्यशाला और कैलिग्राफी कार्यशाला आयोजित होंगी। वहीं 19 मार्च को पोस्टर प्रतियोगिता, फड़ वाचन और पद्मअली-गनी की ओर से मांड गायन की प्रस्तुति होगी। 20 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत बाल नाट्य



मंचन और कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जबकि 21 मार्च को शाम 6 बजे समापन समारोह के साथ इस कला मेले का समापन होगा। कला मेले के संयोजक हरशिव शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कलाकारों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी कला को बड़े स्तर पर प्रस्तुत कर सकें और कला प्रेमियों तक अपनी रचनात्मकता पहुंचा सकें। वहीं अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश की कला संस्कृति को नई ऊर्जा मिलती है और युवा कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजकों के अनुसार पांच दिवसीय यह कला मेला जयपुर के कला प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण रहेगा। इस बार प्रदेशर के सीनियर कलाकारों को भी कला मेले से जोड़ा गया है, जहां युवा कलाकार उनसे रूबरू हो सकेंगे।

### जयपुर में एमएस धोनी क्रिकेट स्टेडियम सीज

## 42.38 लाख का यूडी टैक्स था बकाया, जमा नहीं करवाने पर नगर निगम ने की कार्रवाई



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर नगर निगम की रेवेन्यू टीम ने बकाया यूडी टैक्स की वसूली को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर रोड स्थित एमएस धोनी क्रिकेट स्टेडियम को सीज कर दिया। निगम के अनुसार, स्टेडियम संचालकों पर करीब 42.38 लाख रुपए का यूडी टैक्स बकाया था, जिसे बार-बार नोटिस देने के बावजूद जमा नहीं कराया गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीज की कार्रवाई की। इस स्टेडियम का नाम भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एम.एस. धोनी के नाम से रखा गया है। मुरलीपुरा जोन के उपायुक्त पवन शर्मा ने बताया कि स्टेडियम पर साल 2007 से 2025 तक का नगरीय विकास शुल्क बकाया था, जिसे जमा करवाने के लिए कई बार नोटिस जारी किया। लेकिन नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करवाने पर आज(सोमवार) रेवेन्यू टीम ने कुर्की की कार्रवाई करते हुए स्टेडियम को सील किया। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम के अलावा मुरलीपुरा जोन एरिया में कुछ दुकानों को भी 2.86 लाख रुपए का बकाया यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए सील किया गया। **मुरलीपुरा जोन एरिया में कुछ दुकानों को भी किया सील** उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम के अलावा मुरलीपुरा जोन एरिया में कुछ दुकानों को भी 2.86 लाख रुपए का बकाया यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए सील किया गया।

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026: चुनावी पारदर्शिता का राष्ट्रीय मॉडल बन रहा राजस्थान

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के ओरियंटेशन कार्यक्रम में उत्तराखंड पहुंचे मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मतदाता-केंद्रित बनाने की दिशा में निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा किए जा रहे नवाचार अब पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बनते जा रहे हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्ढ्ढक्र) के तहत राज्य में लागू की गई तकनीकी पहल और व्यवस्थागत सुधारों ने अन्य राज्यों का ध्यान आकर्षित किया है तथा उन्हें अपनाने की पहल भी शुरू हो गई है। इसी क्रम में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (स्ढ्ढक्र) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए उत्तराखण्ड के दौरे पर पहुंचे। वहां उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने अपने कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस दौरान आगामी स्ढ्ढक्रअभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उत्तराखण्ड निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी— अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदांडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राजस्थान में लागू की गई प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उत्तराखण्ड दौरे पर गई राजस्थान की टीम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी (आईटी) एम. ए. तिवारी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र मीणा भी शामिल रहे। इससे पूर्व ओडिशा और महाराष्ट्र निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की टीमें भी राजस्थान आकर यहां संचालित स्ढ्ढक्र कार्यों का अवलोकन कर चुकी हैं। इन टीमों ने राजस्थान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत तथा पूर्णत: मतदाता-केंद्रित बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने यह भी माना कि मतदाता सूची की शुद्धता और व्यापकता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान द्वारा अपनाया गया मॉडल अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि विभिन्न राज्यों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया राजस्थान निर्वाचन विभाग के लिए उत्साहवर्धक है। यह प्रतिक्रिया विभाग को और अधिक सशक्त, आधुनिक और विश्वसनीय निर्वाचन प्रणाली विकसित करने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत राजस्थान में किए गए नवाचार अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों से न केवल मतदाता सूची की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी और अधिक मजबूत होगी।

## न्यूज विंडो

### 1 अप्रैल से शुरू होगी सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि जीन्स सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 20 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जा रही है। पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण उदय दीप सिंह राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6,200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-6001 भी उपलब्ध कराया गया है। वहीं, उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण शिरीष वी. चान्दे ने बताया कि पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल पर प्राप्त संदेश के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही अपनी एफएक्यू मापदण्ड की उपज संबंधित खरीद केन्द्र पर लेकर आएं। किसानों को यह भी ध्यान रखना होगा कि निर्धारित तिथि से अधिकतम 10 दिवस के भीतर ही उपज की तुलाई करवाई जा सकती है, ताकि समय पर उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जयपुर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 42 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां सरसों एवं चना की खरीद की जाएगी।

### आज जयपुर प्रथम में खाद्य व्यापारियों को मिलेगा फॉस्टेग प्रशिक्षण: डॉ. रवि शेखावत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर प्रथम क्षेत्र में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स के लिए फॉस्टेग (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार, 17 मार्च को दो विभिन्न स्थलों पर दो बैच में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सामुदायिक केन्द्र, दूध मंडी, सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर (शास्त्री नगर) में प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 04 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार पतासे वालों की बगीची, मोती डूंगरी रोड, जयपुर में प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्न्स्स्ड्ढ), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई विक्रेता, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड-डे मील कुक, आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, डेयरी संचालक, किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय-थड़ी संचालक तथा कचौरी-पकौड़ी बनाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स सहित सभी खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। डॉ. शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यापारियों को रीयूज्ड कुकिंग ऑयल (ऋष्ट्ह) के उपयोग से होने वाले नुकसान और सुरक्षित खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### एआई और डीपफेक का बढ़ता खतरा: आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराधी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। **क्या है ढ्ढ और डीपफेक तकनीक** — उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है। इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे पहचानें साइबर ठगी के संकेत — साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं।

### वैभव गहलोत बोले- राजस्थान में आईपीएल मैच नहीं रखना निराशाजनक

## गुवाहाटी की जगह एसएमएस स्टेडियम में हो कम से कम 5 मैच

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आरसीए के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता वैभव गहलोत ने राजस्थान में आईपीएल मैच नहीं रखे जाने को निराशाजनक बताते हुए सरकार से दखल की मांग की है। वैभव गहलोत ने प्रदेश में कम से कम पांच ढ्ढक्करु मैच करवाने की मांग की है। वैभव गहलोत ने एक्स पर लिखा- राजस्थान के खेल प्रेमियों को बेहद निराशा हुई है कि ढ्ढक्करु-2026 में राजस्थान रॉयल्स का कोई भी मैच प्रदेश में नहीं रखा गया है। स्थानीय प्रशंसकों और राजस्थान के खेल प्रेमियों के लिए ये बेहद निराशाजनक रहा है। आईपीएल-2023 में मेरे आरसीए के अध्यक्ष पद पर रहते हुए ढ्ढक्करु का जयपुर में शानदार आयोजन किया गया था और दर्शकों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। **गुहावाटी की जगह जयपुर में हो मैच** वैभव ने लिखा- आईपीएल-2023 में राजस्थान में हुए शानदार आयोजन की यादें आज भी खेल प्रेमियों को है।

राजस्थान रॉयल्स के साथ प्रदेशवासियों का भावनात्मक लगाव रहा है और स्रूस्स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का घरेलू मैदान है। इसके अलावा



यहां के प्रशंसकों में क्रिकेट का जबरदस्त उत्साह रहता है। ऐसे में ढ्ढक्करु मैच गुहावाटी के बजाय जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में होने चाहिए। वैभव ने आगे लिखा- आईपीएल मैच राजस्थान में करवाए जाने से खेल-खेलप्रेमियों और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसके लिए राज्य सरकार, स्पोर्टस काउंसिल और आरसीए की जो एडहॉक कमेटी बनी हुई है, उन्हें मिलकर राज्य में कम से कम पांच ढ्ढक्करु मैच कराने के प्रयास करने चाहिए।

### गाड़ी की छत पर चढ़कर युवक ने किया हंगामा

## पहले सिगरेट पी, फिर की बीड़ी-सिगरेट बैन की मांग, बड़ी चौपड़ पर ट्रैफिक जाम रहा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की बड़ी चौपड़ पर सोमवार को एक युवक ने हंगामा किया। युवक बीच सड़क पर अपनी गाड़ी रोककर उसकी छत पर चढ़ गया और वहां खड़े होकर सिगरेट पीने लगा। युवक अपने साथ दो बड़े डिब्बों में काफी मात्रा में बीड़ी और सिगरेट लेकर आया था। गाड़ी की छत पर खड़े होकर वह बीड़ी-सिगरेट को बैन करने की मांग करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इस दौरान बड़ी चौपड़ पर मौजूद लोगों की नजर युवक पर पड़ते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। वहीं, गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। बीच सड़क हो रहे इस हंगामे के कारण कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर मौके पर तैनात पुलिसकर्मी युवक की गाड़ी के पास पहुंचे और उसे नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक काफी देर तक गाड़ी की छत पर खड़ा होकर हंगामा करता रहा। **2 पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़कर नीचे उतारा** आखिरकार स्थिति को काबू में करने के लिए 2 पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़कर नीचे उतारा। इसके बाद शहर में गाड़ी रोककर हंगामा करने के मामले में युवक को हिरासत में लेकर माणकचौक थाने ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। **बीड़ी के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए हंगामा किया** माणकचौक थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया ने बताया- हंगामा कर रहे युवक का नाम वरुण जौहरी है। पुलिस ने सड़क पर गाड़ी रोककर हंगामा करने और यातायात बाधित करने के मामले में युवक को हिरासत में लिया है।

### 18 मार्च 2026 को प्रस्तावित कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर स्थगित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवीन युवा नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत युवाओं को करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसरों से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से दिनांक 18 मार्च 2026 को युवा आवास परिसर, जयपुर में आयोजित होने वाला कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि उक्त शिविर की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी, जिसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी। संबंधित युवाओं एवं प्रतिभागियों से अनुरोध है।

### जयपुर में पत्नी की गला घोंटकर हत्या

## शव के पास सिर पटक-पटकर कर खूब रोया पति, पुलिस से बचने के लिए बना रहा अनजान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बिहार का रहने वाला है आरोपी स्॥ह्र (बगरू) राजेन्द्र गोदारा ने बताया- 14 मार्च को सुशीला देवी (26) की हत्या हुई थी। वह बिहार के मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) स्थित कुंडवा चैनपुर के खड़वा गांव की रहने वाली थी। करीब 10 साल पहले उसकी शादी रविन्द्र मुखिया (27) से हुई थी। पिछले तीन महीने से दंपती बगरू रिको के कृष्णा विहार कॉलोनी में किराए पर अपने 2 बेटों के साथ रह रहे थे। बगरू रिको में ही सुशीला और रविन्द्र नौकरी करते थे। शराब पीकर करता था झगड़ा सुशीला की बहन निर्मला देवी ने बताया- रविन्द्र शराब पीने का आदी है। शराब पीकर वह आए दिन सुशीला के साथ झगड़ा करता था। 13 मार्च को दोपहर में रविन्द्र मुखिया ने सुशीला से झगड़ा किया। मारपीट करने पर सुशीला अपने दोनों बेटों को लेकर कॉलोनी में कुछ दूरी पर स्थित मेरे घर आ गई थी। बहन के घर से वापस ले गया 14 मार्च की सुबह रविन्द्र सुशीला को घर ले जाने के लिए आया। निर्मला और उसके पति विनोद ने झगड़े के बारे में रविन्द्र से बात की और उसे समझाया। समझाने के बाद उन्होंने सुशीला को रविन्द्र के साथ घर जाने के लिए भेज दिया। दोपहर करीब 1 बजे निर्मला के फोन करने पर सुशीला ने कॉल नहीं उठाया। घर में पड़ी मिली लाश सुशीला से बात नहीं होने के चलते शाम करीब 4 बजे निर्मला, सुशीला के घर पहुंची। कमरे में सुशीला की लाश जमीन पर पड़ी थी। सुशीला के सिर से खून बह रहा था। गले में चुन्नी की गांठ लगी हुई थी। यह देखकर निर्मला चीख पड़ी। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। पति करने लगा अनजान होने का नाटक रविन्द्र को फोन करके बुलाया गया। शराब के नशे में धुत होकर रविन्द्र घर पहुंचा। अनजान होने का नाटक करते हुए उसने सुशीला की लाश देखी और सिर पटक-पटक कर रोने लगा। बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्नस्रु टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने रविन्द्र की नाक से खून निकलने पर उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बगरू ष्ट॥ष्ट भिजवाया गया। सख्ती से पूछताछ में जुर्म कबूला स्॥ह्र (बगरू) राजेन्द्र गोदारा ने बताया- अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रविवार को रविन्द्र को हिरासत में लिया गया। शराब का नशा उतरने के बाद पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया- पत्नी सुशीला को घर वापस लाने के बाद दोनों के बीच दोबारा झगड़ा हुआ था। घर से जाने की बात को लेकर उनके बीच




कहासुनी हुई। इसके बाद उसने सुशीला के साथ मारपीट की। उसके सिर में चोट लग गई। चूड़ियां टूट गईं। वारदात के बाद रविंद्र घर छोड़कर चला गया था। परिवार वालों ने उसे बाद में कॉल किया था, तब वह आया था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### एसआईआर की आंधी में ममता का किला डगमगाएगा



पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है। एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी। तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है।

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

- 1866: आगरा उच्च न्यायालय की स्थापना की गई
- 1959: दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत पहुंचे
- 1987: सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया
- 1994 – रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय।
- 2006: अमेरिका ने भारत को एक भरोसेमंद साझीदार घोषित किया।

-धर्म चंद मेहता

### क्रॉस फायर

❑ पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान।

◆ अब आएगा मजा।

❑ राहुल गांधी ने काशीराम को भारत रत्न देने के लिए मोदी को पत्र लिखा।

◆ सरकार की मुसिबत बढ़ा दी।

❑ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश को निष्पक्ष चुनाव का किया वादा।

◆ सो सो चूहे खाकर बिली हज को चली।

❑ मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

◆ पूरी दुनिया की नींद उड़ा कर।

❑ पश्चिम बंगाल में पुजारी और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया।

◆ मणि शंकर अय्यर ने कहा मोदी के खिलाफ जातिवादी टिप्पणी नहीं उनके चरित्र पर टिप्पणी की थी।

❑ कभी-कभी आदमी को कांच दिखाना भी गलत होता है।

◆ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज बोले भारत पाकिस्तान को ना सिखाएं।

❑ सीखने के लिए अकल की जरूरत होती है।

◆ शिक्षा होना चाहिए अनावश्यक बोझ ना डालें।

❑ शिक्षा प्रणाली पर अदालत की टिप्पणी शिक्षा का असली उद्देश्य सीखना होना चाहिए अनावश्यक बोझ ना डालें।

◆ किताब कॉपी में स्कूलों का कमीशन होता है।


.............अंजू लोढ़ा

### आज का राशिफल


**मंगलवार 17 मार्च, 2026**




**मेष राशि**: आज के दिन तनाव व चिंता की कुछ घटनाएं हो सकती हैं लेकिन मन शांत रखकर समस्याओं से पार पा लेंगे। प्रोफेशन में परिवर्तन चाहते हैं। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी।




**वृषभ राशि**: अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी।




**मिथुन राशि**: रोज़ नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ-परख कम होगी। पिता के साथ आज कल अच्छी घुल मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।




**कर्क राशि**: आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। किसी भी विवाद से बचें।



**सिंह राशि**: दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। अतिविश्वास हानिकर सिद्ध होगा।




**कन्या राशि**: किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है।




**तुला राशि**: प्रिय आज आप जल्दबाजी में कार्यों को अंजाम देने से बचें। अपने करियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं, संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे।




**वृश्चिक राशि**: समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा। सोच विचार कर व्यापार करें अन्यथा अचानक हानि संभावित है।




**धनु राशि**: आपके हौसले से ही आप प्रगति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता अस्वस्थ रह सकते हैं, उनका ध्यान रखें। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।



**मकर राशि**: रुक कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिग? सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। कार्यसिद्धि होगी।



**कुम्भ राशि**: कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। कार्यसिद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन लाभ होगा।



**मीन राशि**: आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## नवसंवत्सर पर विशेष आलेख : वर्ष प्रतिपदा: भारतीय नववर्ष का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्सव



देवेंद्र सिंह

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य, परंपराओं के सम्मान और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, जिसे वर्ष प्रतिपदा या भारतीय नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से नवसंवत्सर का शुभारंभ होता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इसे उगादि या युगादि, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समाज में चेटीचंड, और मणिपुर में साजिबू चेइराओबा के रूप में मनाने की परंपरा है। 'युग' और 'आदि' शब्दों के मेल से बना 'युगादि' शब्द अपने आप में एक नए युग के आरंभ का प्रतीक है। यह केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में नवचेतना, नई आशा और नए संकल्पों का प्रारंभ भी है। भारतीय संस्कृति में समय को केवल दिनों और महीनों की गणना तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि उसे सृष्टि और प्रकृति के अनंत चक्र से जोड़ा गया है। यही कारण है कि नवसंवत्सर का प्रारंभ भी उस समय होता है जब प्रकृति स्वयं नवजीवन से भर उठती है। ज्योतिषाचार्य प. सुरेश शास्त्री के अनुसार पौराणिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने इस जगत की रचना का प्रारंभ किया था। इसलिए यह तिथि केवल नए वर्ष का आरंभ ही नहीं, बल्कि सृष्टि के उद्भव का भी प्रतीक मानी जाती है। इस दिन ब्रह्मा जी के साथ-साथ उनके द्वारा रचित समस्त सृष्टि—देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों—का स्मरण और पूजन किया जाता है। भारतीय दर्शन की विशेषता यह है कि इसमें प्रकृति के प्रत्येक तत्व को दिव्यता का स्वरूप माना गया है। यहां तक कि रोग और उनके उपचारों का भी स्मरण किया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि भारतीय संस्कृति जीवन को समग्र दृष्टि से देखने की शिक्षा देती है। पंचांगकर्ता ज्योतिषाचार्य पंडित अक्षय शास्त्री के अनुसार ज्योतिषीय दृष्टि से भी वर्ष प्रतिपदा का अत्यंत विशेष महत्व है। भारतीय पंचांग सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति के आधार पर निर्मित होता है, इसलिए इसे चंद्र-सौर पंचांग कहा जाता है। अमावस्या के बाद जब चंद्रमा की पहली कला प्रकट होती है, तब शुक्ल पक्ष की शुरुआत होती है और उसी का पहला दिन प्रतिपदा कहलाता है। चैत्र मास की यह प्रतिपदा ही नवसंवत्सर का प्रथम दिन मानी जाती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महान गणितज्ञ और ज्योतिषाचार्य भास्कराचार्य ने भी इसी दिन से दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए पंचांग की रचना की थी। ज्योतिष परंपरा में इस दिन से नए वर्ष के ग्रहाधिपत्य का विचार किया जाता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर वर्ष के सामान्य फल, वर्षा की संभावना, कृषि की स्थिति तथा सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों का अनुमान लगाया जाता है। इस दिन पंचांग सुनने की परंपरा भी प्रचलित है, जिसमें विद्वान ज्योतिषाचार्य आगामी वर्ष की संभावनाओं का वर्णन करते हैं। इस प्रकार नवसंवत्सर केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय खगोल विज्ञान और ज्योतिष परंपरा का भी एक महत्वपूर्ण आधार है। चैत्र मास का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यंत विशेष है। यह वह समय होता है जब शीत ऋतु के बाद वसंत अपनी पूर्णता पर होता है और प्रकृति नए जीवन से भर उठती है। वृक्षों और लताओं में नई कोपलें फूटती हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में ताजगी का संचार होता है। चंद्रमा को वनस्पतियों और औषधियों का राजा कहा गया है, क्योंकि उसकी शीतल किरणें प्रकृति को जीवनदायी ऊर्जा प्रदान करती हैं। यही कारण है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्षारंभ के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन घरों को सजाने-संवारने की भी विशेष परंपरा है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में लोग अपने घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाते हैं। आम के पत्ते समृद्धि, स्वास्थ्य और शुभता के प्रतीक माने जाते हैं। माना जाता है कि यह तोरण घर में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करता है और वातावरण को पवित्र बनाता है। महाराष्ट्र में यह पर्व गुड़ी पड़वा के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसे वर्ष के साढ़े तीन शुभ मुहूर्तों में गिना जाता है। इसी दिन से शालिवाहन शक संवत की भी शुरुआत मानी जाती है। लोककथाओं के अनुसार शालिवाहन नामक एक वीर युवक ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाकर उनमें प्राण फूंक दिए और शत्रुओं को पराजित किया। उसकी इस विजय की स्मृति में विजय ध्वज के रूप में 'गुड़ी' स्थापित करने की परंपरा शुरू हुई। एक अन्य मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान राम ने दक्षिण भारत की प्रजा को अत्याचारी शासन से मुक्ति दिलाई थी। इस विजय की खुशी में लोगों ने अपने घरों में ध्वज फहराए, जो आगे चलकर गुड़ी पड़वा की परंपरा बन गई। भारत की विविधता इस पर्व के उत्सव में भी दिखाई देती है। अलग-अलग क्षेत्रों में इसे अलग नामों से मनाने के साथ-साथ विशेष व्यंजन भी बनाए जाते हैं। आंध्र प्रदेश में 'उगादि पच्चड़ी' नामक प्रसाद तैयार किया जाता है, जिसमें गुड़, नीम के फूल, इमली, नमक और कच्चा आम मिलाया जाता है। इन छह स्वादों का मिश्रण जीवन के विभिन्न अनुभवों—मिठास, कड़वाहट, खट्टापन और संतुलन—का प्रतीक है। कर्नाटक में युगादि पर घरों में नीम की कोपल और गुड़ का प्रसाद खाया जाता है, जिसे 'बेवू-बेला' कहा जाता है। यह प्रसाद जीवन के कड़वे और मीठे अनुभवों का प्रतीक है और हमें यह संदेश देता है कि जीवन में आने वाले सुख-दुःख को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। वहीं महाराष्ट्र में पूरन पोली नामक पारंपरिक मीठा व्यंजन बनाकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं। कश्मीर में कश्मीरी पंडित समुदाय इस दिन नवरेह के रूप में विशेष पूजा-अर्चना करता है, जबकि सिंधी समाज में यही पर्व चेटीचंड के रूप में मनाया जाता है। वर्ष प्रतिपदा से आरंभ होने वाला यह उत्सव आगे चलकर चैत्र नवरात्र और रामनवमी के साथ अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचता है। इन नौ दिनों में देवी शक्ति की आराधना और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया जाता है। इस प्रकार यह पर्व केवल नए वर्ष का स्वागत नहीं, बल्कि भक्ति, साधना और आत्मशुद्धि का भी अवसर बन जाता है। वास्तव में नवसंवत्सर हमें यह सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन और नवता को स्वीकार करना ही विकास का मार्ग है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और आने वाले वर्ष के लिए शुभ संकल्प लेते हैं। यह परंपरा हमें यह भी याद दिलाती है कि हर नया वर्ष आत्मचिंतन और आत्मविकास का एक अवसर लेकर आता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय संस्कृति की उस गहन जीवनदृष्टि का प्रतीक है जिसमें प्रकृति, आध्यात्म और मानवीय जीवन एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह तिथि हमें याद दिलाती है कि जैसे प्रकृति हर वर्ष नए रूप में खिल उठती है, वैसे ही हमें भी अपने जीवन को नई ऊर्जा, नई आशा और नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा( भारतीय नववर्ष) : नव-आशा, नव-ऊर्जा और नव-संस्कृति का संदेश



-सुनील कुमार महला

हमारी सनातन,अद्भुत और सुंदर भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों का सम्मान करने और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक पवित्र और महत्त्वपूर्ण पर्व है नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष), जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी या युगादि, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड तथा मणिपुर में साजिबू चेइरा ओबा के रूप में इसे उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

**वर्ष 2026 ( संवत 2083 ) है 'रौद्र संवत्सर' :** इस साल यानी कि वर्ष 2026 में हिंदू नववर्ष अर्थात विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी। गौरतलब है कि जिस दिन नववर्ष आरंभ होता है, उस दिन का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है और इस बार नववर्ष गुरुवार को होने के कारण वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति (गुरु) माने जाएंगे, जबकि मंत्री का पद मंगल ग्रह के पास रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार राजा गुरु होने से धार्मिक गतिविधियों और ज्ञान में वृद्धि होगी, वहीं मंत्री मंगल होने के कारण समाज में साहसिक निर्णयों के साथ कुछ उग्रता भी दिखाई दे सकती है। इस वर्ष का संवत्सर 'रौद्र' नाम से जाना जाएगा, जो उग्रता का संकेत देता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रौद्र संवत्सर में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव कृषि और फसलों पर पड़ सकता है। इसके साथ ही उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और मीन लग्न में वर्षारंभ होने से प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां भी बन सकती हैं।

**शक्ति की उपासना का भी पर्व है नवसंवत्सर:** यह समय चैत्र नवरात्रि के आगमन का भी होता है, जब शक्ति की उपासना के माध्यम से नई ऊर्जा और आध्यात्मिक बल प्राप्त किया जाता है। ठंड की विदाई और गर्मी की शुरुआत के बीच यह पर्व हमें सात्विक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है। जहां वर्तमान में अंग्रेजी कैलेंडर का वर्ष 2026 है, वहीं हिंदू नववर्ष 2083 होगा। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि शास्त्रों में इसे 'रौद्र संवत्सर' कहा गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने अपने प्रथम अवतार मत्स्य अवतार धारण किया था।

**उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है नवसंवत्सर:** आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में अपनी परंपराओं को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जनवरी से वर्ष की शुरुआत मानते हैं। जबकि भारतीय परंपरा में वर्ष का आरंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माना जाता है। दुर्भाग्यवश आज की युवा पीढ़ी को हिंदू पंचांग और महीनों के नामों तक की जानकारी कम होती जा रही है। उन्हें यह जानना चाहिए कि हिंदू पंचांग के महीनों में चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन प्रमुख हैं। चैत्र मास अंग्रेजी कैलेंडर के मार्च-अप्रैल के बीच आता है। वास्तव में जनवरी का महीना हिंदू पंचांग के अनुसार पौष मास होता है। प्राचीनकाल से ही चैत्र मास को नए कार्यों के आरंभ का समय माना गया है, क्योंकि यह वसंत ऋतु का महीना है। इस समय प्रकृति नवजीवन से भर उठती है। न अधिक ठंड होती है और न ही अधिक गर्मी। इसी कारण पुराने कार्यों का समापन और नए कार्यों की योजना इसी समय बनाई जाती थी। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहीखातों का नवीनीकरण और मांगलिक कार्यों की शुरुआत इसी समय होती है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रह, ऋतु, मास, तिथि और पक्ष की गणना भी चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ मानी जाती है। सूर्य की गति के अनुसार मेष राशि की शुरुआत भी इसी समय मानी जाती है। वास्तव में हिंदू कैलेंडर का प्रथम माह चैत्र और अंतिम माह फाल्गुन है, और विशेष बात यह है कि दोनों ही महीनों का संबंध वसंत ऋतु से है। यह ऋतु उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। चैत्र मास के अंतिम दिन पूर्णिमा को चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में स्थित होता है, इसी कारण इस महीने का नाम 'चैत्र' पड़ा। अमावस्या के बाद चंद्रमा मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में प्रकट होकर प्रतिदिन एक-एक कला बढ़ाता हुआ पंद्रहवें दिन चित्रा नक्षत्र में पूर्णता प्राप्त करता है। इसी खगोलीय स्थिति के आधार पर इस मास का नाम चैत्र रखा गया। 'संवत्सर' का अर्थ है ऐसा वर्ष जिसमें बारह महीने होते हैं। विक्रम संवत में महीनों की गणना दो प्रकार से होती है। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में अमावस्या के बाद नया महीना शुरू होता है, जबकि उत्तर भारत में पूर्णिमा के अगले दिन से नया महीना माना जाता है। इसी कारण होली के अगले दिन नया महीना तो आरंभ हो जाता है, लेकिन हिंदू नववर्ष लगभग पंद्रह दिन बाद शुरू होता है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सतयुग का आरंभ माना गया है। इस महीने में सूर्य अपनी उच्च राशि में होता है और वसंत ऋतु का आगमन होता है। इसलिए इसे 'भक्ति और संयम' का महीना भी कहा जाता है। इसी तिथि को ईरान में नौरोज के रूप में नया वर्ष मनाया जाता है। तिथि और पर्वों का निर्धारण करने वाले ग्रंथ निर्णय सिंधु, हेमाद्रि और धर्म सिंधु में इस तिथि को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मांड पुराण में भी इस दिन नए संवत्सर की पूजा का विधान बताया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं-महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंध में चेटीचंड, केरल में विशु, असम में रोंगाली बिहू आदि। इसी समय चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है और आगे चलकर रामनवमी तक उत्सव का क्रम चलता है।

**हिंदू नववर्ष का ऐतिहासिक, प्राकृतिक महत्व:** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व भी है। इसी दिन राजा रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, सिख परंपरा के द्वितीय गुरु गुरु अंगद देव का जन्म हुआ था। यह दिन आर्य समाज की स्थापना का दिवस भी है। इसके साथ ही सिंधी समाज के आराध्य संत झूलेलाल का जन्मदिवस और केशव राव बलीराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी इसी दिन माना जाता है।प्राकृतिक दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवधि में किसानों की फसलें पकने लगती हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह समय शुभ माना गया है और किसी भी नए कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह अत्यंत उत्तम मुहूर्त माना जाता है। इतिहास के अनुसार विक्रम संवत की शुरुआत 58 ईसा पूर्व उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने खगोलविदों की सहायता से व्यवस्थित रूप से की थी। विक्रम संवत का कैलेंडर सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति पर आधारित है। कहा जाता है कि बारह माह का वर्ष और सात दिन का सप्ताह रखने की परंपरा भी इसी कालगणना से विकसित हुई, जिसे बाद में यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने अपनाया।इसके विपरीत अंग्रेजी नववर्ष का संबंध रोमन शासक जूलियस सीज़र से माना जाता है, जिन्होंने ईसा पूर्व 45 में जूलियन कैलेंडर लागू किया और पहली जनवरी को वर्षारंभ घोषित किया।वास्तव में भारतीय नववर्ष प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और खगोलीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष केवल कैलेंडर परिवर्तन का प्रतीक है। यही कारण है कि चैत्र मास के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार दिखाई देता है-पेड़ों में नई कोपलें, फूलों की खुशबू और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में इस दिन घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

## पाँच राज्यों की चुनावी बिसात का 'पशिचमी बंगाल' केन्द्रबिन्दु

जयदेव राठी

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों—पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी—में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिक गई है। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।पश्चिम बंगाल की राजनीति पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इन्कम्बेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। भाजपा ने पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है। किन्तु भाजपा का यह उत्थान मात्र संगठनात्मक कार्य का परिणाम नहीं है — इसके पीछे घुसपैठ का मुद्दा है, जो इस चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के धरातल पर ले जाता है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की लगातार हो रही हत्याओं से पश्चिम बंगाल के हिन्दू समुदाय में आक्रोश बढ़ रहा है। इस माहौल में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध लोगों की नाराजगी भी तीव्र हुई है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि असम, त्रिपुरा, गुजरात, कश्मीर और पंजाब की सीमाओं पर घुसपैठ नहीं होती — केवल बंगाल की सीमा पर क्यों होती है उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के कारण बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी पूरी नहीं हो पाई। यह आरोप-प्रत्यारोप का खेल केवल शब्द-युद्ध नहीं है — इसके पीछे करोड़ों मतदाताओं की भावनाएँ जुड़ी हैं।

## मिट्टी में मिला दिए गए माफिया अतीक-अशरफ की फरार पत्नियों पर योगी सरकार का शिकंजा



-संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक के बाद एक होते घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जांच एजेंसियां अब किसी भी फरार अपराधी को बख्शने के मूड में नहीं हैं। बहुचर्चित शाइन सिटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर भगोड़े आर्थिक अपराधी राशिद नसीम को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी न केवल हजारों ठगे गए निवेशकों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आई है, बल्कि प्रयागराज में वर्षों से फरार चल रहे अन्य खतरनाक अपराधियों के लिए भी एक कड़ा संदेश बन गई है।राशिद नसीम शाइन सिटी समूह का अध्यक्ष बताया जाता है। उस पर आरोप है कि उसने रियल एस्टेट, निवेश योजनाओं और बहुस्तरीय विपणन के नाम पर हजारों निवेशकों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की ठगी की। वह वर्ष 2019 में नेपाल के रास्ते दुबई फरार हो गया था। देश छोड़ने से पहले उसने तीस करोड़ रुपये की रकम गुजरात की एक कंपनी के जरिये विदेश भेज दी थी। जनवरी 2026 में प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ यूएई अधिकारियों को एक विस्तृत आरोप-पत्र सौंपा था, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई।लखनऊ की विशेष न्यायालय ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट, लुकआउट सर्कुलर और इंटरपोल का लाल नोटिस भी जारी किया जा चुका था। इस पूरी कार्रवाई को जांच एजेंसियों की बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। राशिद नसीम की गिरफ्तारी ने प्रयागराज पुलिस की नींद उड़ा दी है। अब उन तमाम फरारों की तलाश तेज कर दी गई है जो वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंककर छिपते फिर रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी पहले से ही वांछितों की सूची में हैं। इन सभी के बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि इनकी गिरफ्तारी आखिर कब होगी।अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा भी उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल मानी जाती है। उसकी बहन आयशा नूरी ने इस वारदात के बाद अपने घर पर असद और गुड्डू को शरण दी थी, जिसका बंद कैमरे का दृश्य भी सामने आया था। शाइस्ता परवीन प्रयागराज के दामूपुर गांव की रहने वाली है। उसके पिता मोहम्मद हारून एक सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल हैं। शाइस्ता के खिलाफ अब तक चार मामले दर्ज हो चुके हैं। उसने कथित रूप से अपने बेटे असद और शूटर गुलाम को उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज से भाग जाने के लिए कहा था। पुलिस की एक सिपाही की बेटी का इस तरह माफिया की दुनिया में उतरना और फिर खुद कानून से भागते फिरना, यह कहानी समाज के उस पतन की तस्वीर है जो संगत और परिस्थितियों के बदलाव से इंसान को कहां से कहां ले जाती है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाइस्ता परवीन का नाम वांछितों की सूची में डाल दिया है और उसके बारे में जानकारी देने वाले को पचास हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई है।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# सम्पर्क पोर्टल प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण :जिला कलक्टर



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सडक पेयजल चिकित्सा बिजली शिक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने स्वावलम्बन पोर्टल पर दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बताया कि वर्तमान में 2055 आवेदन लंबित हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र शत.प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएचओ को संबंधित बीसीएमएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र बालिकाओं के प्रकरण एएनएम के सहयोग से ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों को ग्रीष्म ग तु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए खराब मोटर पंपों की जांच कर उन्हें शीघ्र ठीक कराने तथा ग्राम पंचायतों के सहयोग से पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने को कहा। साथ ही विद्युत विभाग को पीएचईडी प्रोजेक्टों में बिजली कनेक्शन कराने के लिए खेरिया और मिलकपुर गांवों में बयाना उपखंड अधिकारी और पुलिस के सहयोग से कार्य कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उप रजिस्ट्रार सहकारिता को आवश्यक क्षेत्रों में सहकारी गोदाम निर्माण के लिए उपखंड अधिकारियों से समन्वय कर भूमि उपलब्ध कराने तथा प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उ%चैन में सरसों क्रय केंद्र खोलने के लिए बैंक अधिकारियों के साथ भ्रमण करने को कहा। वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर की समीक्षा करते हुए वनए पंचायती राज और कृषि विभाग को 629 लंबित जलशेड प्रबंधन गतिविधियों में प्रगति लाने को कहा। हॉर्टिकल्चर विभाग को अपने विकास कार्यों में एक सप्ताह में शत.प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संविदा पर रखे जायेंगे सेवानिवृत कर्मचारी

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** विधि एवं विधिक कार्य विभाग (राजकीय वादकरण ) राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सेवानिवृत कर्मचारियों की संविदा सेवाएं, नियमित पदो के नियमानुसार भरे जाने अथवा उपस्थिति की तारीख 28 फरवरी 2027 तक, जो भी पहले हो, तक लिये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस क्रम में विभिन्न पदों के लिये सेवानिवृत कर्मचारियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। लोक अभियोजक श्रीगंगानगर, अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक संख्या 2 श्रीगंगानगर, अपर लोक अभियोजक (सिविल) श्रीगंगानगर, विशिष्ट लोक अभियोजक (एनडीपीएस) श्रीगंगानगर, विशिष्ट लोक अभियोजक (अजा/अजजा) श्रीगंगानगर, विशिष्ट लोक अभियोजक, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 तथा बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 संख्या 1 श्रीगंगानगर, विशिष्ट लोक अभियोजक, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 तथा बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 संख्या 2 श्रीगंगानगर, अपर लोक अभियोजक संख्या-1 श्रीगंगानगर, अपर लोक अभियोजक सूरतगढ़, अपर लोक अभियोजक संख्या 1 अनूपगढ़, अपर लोक अभियोजक संख्या 2 अनूपगढ़, अपर लोक अभियोजक करणपुर, अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक संख्या 1 रायसिंहनगर, अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक संख्या 2 रायसिंहनगर, अपर लोक अभियोजक सादुलशहर तथा अपर लोक अभियोजक घडसाना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सेवानिवृत कर्मचारी संविदा पर रखे जा सकेंगे।

## खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूकता के लिए वॉकथॉन व मिलेट मेला का हुआ आयोजन



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में स्वस्थ खान-पान तथा मोटे अनाज (मिलेट) के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को वॉकथॉन एवं मिलेट मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के लिए स्वीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया गया । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह 8:30 बजे वॉकथॉन रैली का शुभारंभ जिला कलेक्टर कार्यालय खैरथल से अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, हरसोली रोड परिसर तक पहुंची। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि रैली के पश्चात अस्पताल परिसर में मिलेट मेले का आयोजन किया गया । मेले में मोटे अनाज के पोषण महत्व, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ खान-पान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही 300 प्रतिभागियों को मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन चखाए गए। जिसमें मूंग से बना सलाद, चनों का सलाद ,बाजरे की खिचड़ी और टिक्की छाछ जैसे चीजे परोसी गई तथा उन्हें बनाने की विधि की जानकारी भी दी गयी। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा मिलेट आधारित खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ पूरणमल, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ रुपेश चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी खैरथल डॉ नितिन, तिजारा नर्सिंग कॉलेज से मनोज यादव ,राजकुमार,मुकेश , मेडिकल स्टाफ से मनोज चौधरी ,अनिल यादव, मोहित चौधरी, प्रवीण कुमार, अमनप्रीत, सौरभ कुमार,अभिमन्यु, पवन सिंह, महिपाल सिंह, जतिन यादव और राकेश मौजूद रहे।

## जिला रेडीमेड गारमेंट्स एंड होजरी एसोसिएशन का हुआ होली मिलन समारोह



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला रेडीमेड गारमेंट्स एंड होजरी एसोसिएशन की साधारण सभा एवं होली मिलन समारोह का आयोजन एक मैरिज होम में जिला अध्यक्ष भगवानदास बंसल की अध्यक्षता में समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल व प्रमुख समाजसेवी व्यापारिक संस्थाओं के प्रेरणा दायक मोहन लाल मित्तल व व्यापारिक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य दामोदर लाल गर्ग कार्यक्रम के स्तंभ थे। इन तीनों को संस्था के पदाधिकारियों ने माला दुप्पटा व भरतपुर रत्न देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष ज्ञान सिंह करोला संतोष खंडेलवाल राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल महावीर सिंह तेजवीर सिंह मेघराज मुखिया मुरारीलाल बंसल प्रिंस बंसल राजेश गर्ग वीरेंद्र कुमार भुसावरी विपिन अन्नू माथुर विवेक चंदेला आदि सभी लोगों का संस्था ने सम्मान किया। कार्यक्रम में रंगा रंग कार्यक्रम में सभी व्यापारियों ने आनंद लिया संस्था के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का संस्था के कार्यक्रम में आने पर आभार प्रकट किया व संस्था की कार्यप्रक्ति पर संक्षिप्त में ब्यौरा दिया व जून के बाद जिला सम्मेलन करने की घोषणा की।

## ओपी माहेश्वरी को किया सम्मानित



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** माहेश्वरी मंडल समिति के जिलाध्यक्ष ओपी माहेश्वरी को 15 मार्च को आयोजित अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की इकाई पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए महासभा के सभापति संदीप काबरा एवं सेवानिवृति न्यायाधीश दिनेश चंद सोमानी एवं प्रदेशाध्यक्ष जुगल किशोर सोमानी सहित प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाकर शाल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए।

इस अवसर पर भरतपुर से आरसी गुप्ता खटोड महासभा सदस्य महामंत्री मुकेश कुमार सदस्य लक्ष्मी नारायण महेश्वरी भी उपस्थित रहे।

## झील का वाडा में ठंडे, मीठे पानी की प्याऊ का संचालन कल से

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के प्रमुख आस्थाधाम सिग पीठ श्री कैला मईया झील का वाडा में लक्खी मेले के अवसर पर बुधवार से श्री कैलादेवी सक्षेत्र विकास संस्थान के सौजन्य से संस्था की धर्मशाला में प्याऊ का शुभारम्भ किया जावेगा। महामंत्री ब्रजकिशोर शर्मा एवं प्याऊ संयोजक सतीश ने बताया कि 18 तारीख से ठण्डे, मीठे पानी एवं शिकंजी की सेवा मेले में आये भक्तगणों के लिए की जाती है। संस्था की धर्मशाला में भी न्यूनतम शुल्क पर ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध रहती है। प्रतिदिन प्रात: कैला मईया का हलुआ चना की प्रसादी का भोग लगाया जाता है तथा खिचडी का वालभोग वितरित किया जाता है। इस मौके पर अध्यक्ष राधाकिशन विंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, दीनदयाल आढतिया, विनोद सिंघल, प्रहलाद गोयनका, बाबूजी आदि मौजूद रहे।

## फॉस्टेग प्रशिक्षण आज, बिना ट्रेनिंग लाइसेंस नहीं : डॉ. नवनीत शर्मा

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए खाद्य व्यापारियों व फूड हैंडलर्स के लिए फॉस्टेग (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) प्रशिक्षण 17 मार्च मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण हनुमानगढ़ टाउन स्थित फूडग्रेन धर्मशाला, पंचायत समिति के पास दो सत्रों में होगा। पहला सत्र सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की अधिकृत एजेंसी के विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इसमें मिठाई विक्रेता, होटल-रेस्टोरेंट संचालक, डेयरी संचालक, किराना व्यापारी, स्ट्रीट वेंडर्स सहित खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी लोग भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षित खाद्य सामग्री तैयार करने, स्वच्छता नियमों तथा रीयूज्ड कुकिंग ऑयल (आरयूसीओ) के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद ही लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि मंत्री ने ली अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित तैयारी रखे : डॉ. मीणा



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल सप्लाई, विद्युत आपूर्ति एवं चिकित्सा प्रबंधन, एलपीजी गैस आपूर्ति प्रबंधन, बजट घोषणाओं, विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा मौजूद रहें। जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आपसी विभागीय समन्वय स्थापित कर ग्रीष्म ऋतु में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की समुचित तैयारी रखें, बजट घोषणाओं को निश्चित समयावधि में धरातल पर उतारे एवं विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने दोनों जिले की पेयजल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि समर कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार गांव एवं कस्बों में प्रभावी मॉनिटरिंग कर पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करें एवं इमरजेंसी कार्यों की संपूर्ण प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करावें। उन्होंने ईआरसीपी योजना, भरतपुर-चम्बल पेयजल योजना, ईसरदा योजना, जल जीवन मिशन, बजट घोषणाओं एवं अमृत 2.0 योजना में प्रगति का फीडबैक लेकर पेयजल कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने दोनों जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा कर अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत बजट घोषणाओं एवं अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र मूर्त रूप देवें।

उन्होंने आरडीएसएस एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का फीडबैक लेकर लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खैरथल-तिजारा जिले के मुण्डावर क्षेत्र के चिरोनी में 220 केवी जीएसएस की स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति तथा पेट्रोल व डीजल व्यवस्था का जिला रसद अधिकारी से फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि घरेलू गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व व्यावसायिक उपयोग पर प्रभावी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव की तैयारियों की समीक्षा कर सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं शिकायतों का आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शहर में पेयजल के संबंध में बजट घोषणाओं जिनमें सिलीसेढ पेयजल योजना, भरतपुर-चम्बल परियोजना, किशनगढबास की पेयजल स्कीम इत्यादि की प्रगति का फीडबैक लेकर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर की बजट घोषणाओं यथा सीएचसी शिवाजी पार्क, दिवाकरी, रूपबास, आरआर कॉलेज जीएसएस एवं कन्या पोलॉटेक्निक महाविद्यालय के कार्य की प्रगति का फीडबैक लेकर समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## एक नजर

### राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवस

## जिला स्तर पर वीसी के माध्यम से देखा गया राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेणेश्वर धाम डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से साझा किया गया। डूंगरपुर में आयोजित जनसभा प्रतिनिधिगण से संवाद एवं विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास समारोह की समस्त कार्यवाहियों को जिला स्तर पर सुचारु रूप से देखा एवं सुना गया। जनजातीय समाज के गौरवमयी इतिहास और उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में रा%य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता प्रकट करने हेतु यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग जगदीश प्रसाद अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग विकास शर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मान सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सडक चौडीकरण को लेकर व्यापारियों ने की जिला कलक्टर से मुलाकात

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला अध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कलक्टर से मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल में कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र गोयल, जिला महामंत्री विपुल शर्मा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज, समाजसेवी गिरधारी तिवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज, बीजेपी जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, गिरधारी गुप्ता, दलवीर सिंह (पूर्व सरपंच), चेतन राहुल, मनोज कटारा, राजेन्द्र गोयल इत्यादि शामिल थे। कलक्टर द्वारा आश्वस्त किया गया कि प्रयास किया जावेगा कि व्यापारियों का कम से कम नुकसान हो एवं जिस प्रस्तावित सडक चौडीकरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यापारी जिनके पास लीगल डोक्यूमेंट हैं उनको डीएलसी के अनुसार मुआवजा दिया जावेगा। सबसे पहले जिस सडक का चौडीकरण होना है उसका ले-आउट प्लान बनाया जावेगा उसके बाद उस क्षेत्र के लोगों को बिठाकर चर्चा की जावेगी। यू.डी. टैक्स से संबंधित शिकायतों पर ध्यान देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में %यादा सख्ती न बरतते हुए यू.डी. टैक्स से संबंधित आपत्तिकर्ता की बात को भी सुनने के निर्देश दिये।

## संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सम्पन्न

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 13 से 15 मार्च तक हरियाणा के समालखा में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन कार्य के विस्तार, राष्ट्रहित में समाज की सज्जन शक्ति की सक्रिय भागीदारी तथा सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अग्रवाल सोमवार को सेवा सदन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बैठक में संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का वक्तव्य भी प्रस्तुत किया गया। इसमें कहा गया कि वर्तमान समय में जब विभिन्न विभाजनकारी शक्तियां समाज को वर्ग और जाति के आधार पर विभाजित करने का प्रयास कर रही हैं, तब संत रविदास जी के जीवन संदेश के मर्म को समझते हुए समाज की एकात्मता के लिए कार्य करने का संकल्प लेना आवश्यक है। क्षेत्र संघचालक ने बताया कि पिछले वर्ष में संघ के संगठनात्मक कार्य का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। संघ की शाखाओं की संख्या लगभग छह हजार की वृद्धि के साथ बढ़कर 88 हजार से अधिक हो गई है तथा स्थानों की संख्या भी 55 हजार से अधिक हो गई है। इसके साथ ही साप्ताहिक मिलन और मंडलियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य अब अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह तथा दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंच चुका है, जहां नियमित रूप से शाखाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार के साथ संघ समाज में गुणवत्ता संवर्धन के लिए भी कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भारतीयता अथवा हिंदुत्व केवल एक विचार नहीं बल्कि जीवन शैली है, जिसके माध्यम से समाज में श्रेष्ठ मूल्यों का विस्तार होना चाहिए।

## खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण आज

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को होटल प्रधान, सदर थाने के पास सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। हैं।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित,

## राजस्थान दिवस कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखें तथा समय-समय पर पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## एसीएस भास्कर सावंत ने राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन पर परिवादियों से किया सीधा संवाद

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पेमाराम को मिली राहत, बाड़मेर के अनदाराम की समस्या का जल्द होगा समाधान जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर आत्माराम सावंत ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) सेंटर का दौरा कर कॉल के माध्यम से परिवादियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने परिवादियों की शिकायतों को सुना, पूर्व में समाधान हो चुके प्रकरणों में दी गई राहत/समाधान का फीडबैक लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसीएस सावंत ने इस दौरान संबंधित विभागों के 13 परिवादियों से संवाद किया और समस्या समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जेल, रोडवेज और होमगार्ड से संबंधित कतिपय समस्याओं का समाधान कर परिवादियों को अवगत करवाया। शेष सुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा रोडवेज के सेवानिवृत कार्मिकों के विभिन्न विषय, फसल खराबे के मुआवजे में देरी सहित विभिन्न मुद्दों को संज्ञान में लाया गया। ऐसे मुद्दों को अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गम्भीरता से लेकर अधिकारियों को उनके जल्द समाधान के निर्देश दिए। जोधपुर के पेमाराम ने होम गार्ड पद पर की गई ड्यूटी के भुगतान में विलंब का प्रकरण 181 पर दर्ज करवाया था। सावंत ने इस शिकायत का मौके पर समाधान कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकृति के अन्य प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। इसी कड़ी में बाड़मेर के अनदाराम प्रजापत ने घर में हुई चोरी के प्रकरण में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होना बताया। इस पर एसीएस सावंत ने उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी इस प्रकरण में उनसे विस्तृत चर्चा कर उचित कार्रवाई करेंगे। सावंत ने गृह विभाग, पुलिस विभाग, होम गार्ड, जेल, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, सैनिक कल्याण तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों, कम संतुष्टि प्राप्त श्रेणियों तथा संबंधित विभाग की शिकायतों की विस्तृत एवं तथ्यात्मक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का



त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, प्रकरणों में की गई कार्रवाई की जानकारी भी परिवादियों को दें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिव 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसअवसर पर गृह विभाग, पुलिस विभाग, होम गार्ड, जेल, सैनिक कल्याण, रोडवेज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के अधिकारी मौजूद रहे।

*पन्द्रह बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त*

## सडक सीमाओं में आ रहे अतिक्रमणों को हटाए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों के प्रभावी ध्वस्तीकरण के लिए विशेष जीरो टॉलरेंस अभियान प्रारम्भ किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिलोची, जिला जयपुर के खसरा नं. 934 मे करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गई मिटटी डोल, झुग्गी-झोपडियां, छप्परपोश, झोपडी सिमेन्ट के पिल्लर गाडकर तारबंदी कर झाडियां, कांटों की बाड़ लगाकर, व अन्य सामान डालकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 की मौजूदगी में आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रूपये है। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिलोची, जिला जयपुर के खसरा न0 944/1830, 945/1831 गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर करीब सीमेंट के पिल्लर गाड, तारबन्दी कर झाडियां डालकर किये गये अतिक्रमणों को प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 की मौजूदगी में आज जोन- 13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसी प्रकार जोन-09 इण्डिया गेट के पास रोड़ सीमा पर अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थडियां, ठेलें, बांस-तम्बू, तिरपाल, काउण्टर, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को यातायात व नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में टोंक रोड़ चौखी ढ़ाणी पुलिया के पास, गोनेर मोड पर रोड़ सीमा, पर अस्थाई अतिक्रमण कर बांस-तम्बू, थडियां, ठेलें, झुग्गी-झोपडी, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमण को आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा,को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में टोंक रोड़ वाटिका चौराहा 12 मील तिराहा के पास रोड़ सीमा, पर अस्थाई अतिक्रमण कर बांस-तम्बू, थडियां, ठेलें, झुग्गी-झोपडी इत्यादि किये गये अतिक्रमण को आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा,को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निवारू रोड हरनाथपुरा गणेश नगर एस.एस इंटरनेशनल स्कूल मे अवैध निर्माण किये जाने पर पर निर्माणकर्ता को जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर 15.03.2026 को उक्त अवैध निर्माण के प्रवेश द्वारों को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटो की दिवार चुनवाकर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुनः पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-07 के क्षेत्राधिकार में निवारू रोड गणेश नगर प्लाट न0 484 ए के द्वारा रोड़ सीमा, पर अतिक्रमण कर चबूतरा, टीनशेड का अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-07 की मौजूदगी में आज जोन- 07 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा,को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

## महिला ने ही रचा साजिश का जाल, साथी से कराया दुष्कर्म; कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** वर्ष 2022 के दुष्कर्म व ब्लैकमेल के एक मामले में जिला एवं सेशन न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को कठोर सजा दी है। लोक अभियोजक गोपाल लाल शर्मा ने बताया कि जिला एवं सेशन न्यायाधीश केशव कौशिक ने आरोपी सोमराज पुत्र रामस्वरूप निवासी टोडाभीम (जिला करौली) को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 2 लाख 9 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार एक महिला आरोपी खुशबू ने पीड़िता की दादी से कॉलेज में पढ़ाई का हवाला देकर किराए पर कमरा लिया और धीरे-धीरे पीड़िता से मेलजोल बढ़ा लिया। उस समय पीड़िता 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। विश्वास में लेकर वह पीड़िता को अपने कमरे पर पढ़ने के बहाने बुलाने लगी।एक रात महिला आरोपी ने अपने साथी सोमराज को कमरे के टांड पर छिपाकर बैठा दिया और पीड़िता को नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद सोमराज ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो खींच ली। बाद में इन्हीं फोटो के आधार पर आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा और फोटो वायरल करने की धमकी देता रहा। कुछ समय बाद महिला आरोपी किराए का मकान छोड़कर चली गई और दोनों आरोपियों ने मिलकर पीड़िता की अश्लील तस्वीरें वायरल कर दीं तथा उसकी आईडी भी चुरा ली। मामले की जांच कोतवाली थाना दौसा द्वारा की गई और प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया, जो बाद में जिला एवं सेशन न्यायालय में स्थानांतरित हुआ।सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाह पेश किए गए और 39 दस्तावेज न्यायालय में प्रदर्शित किए गए। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी सोमराज को धारा 376 में 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा धारा 354 सहित अन्य धाराओं में भी कारावास की सजा सुनाई।लोक अभियोजक गोपाल लाल शर्मा ने कहा कि इस तरह के मामलों में न्यायालय का यह फैसला समाज के लिए अनुकरणीय है और इससे महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को कड़ा संदेश गया है।

## मानवाधिकार और सामाजिक कल्याण संघ संस्था का वार्षिक स्थापना दिवस हुआ सम्पन्न




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर मानवाधिकार और सामाजिक कल्याण संघ की ओर से संस्था का वार्षिक स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े, सदस्यों और अतिथियों की उपस्थिति में सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की संस्थापक उषा कंवर थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजय शर्मा, एडवोकेट मधुबाला मंगे और, एडवोकेट लोकेश शर्मा उपस्थित रहे। उषा कंवर ने शिक्षा के प्रति जागरूकता मान बढ़ाने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एडवोकेट मधुबाला मंगे और एडवोकेट लोकेश शर्मा ने सदस्यों को कानूनी जानकारी दी, वहीं डॉ. अजय शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस अवसर पर संस्था की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। इनमें आरती पुरोहित, भगवती स्वामी, चंचल सैन, प्रवीण सिंह नरुका, मनसा रावत, दिव्या पुरोहित, मधुबाला मंगे, डॉ. अजय शर्मा और लोकेश शर्मा को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

*नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई*

## 2 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 2 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आबकारी थाने के सामने, हल्दीघाटी मार्ग, इण्डिया गेट, महात्मा गांधी हॉस्पिटल से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आबकारी थाने के सामने, हल्दीघाटी मार्ग, इण्डिया गेट, महात्मा गांधी हॉस्पिटल से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

*जोहड़ में डूबने से 2 भाइयों की मौत*

## रोते हुए डॉ किरोड़ी मीणा के पैरों में गिरी मां, दादी से मिलकर लौटते समय नहाने रुके

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी पुरण बलाई के दोनों बेटों की शेखपुर के जोहड़ में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी रसूलपुर गांव पहुंचे। इस दौरान बच्चों की मां किरोड़ी लाल मीणा के पैरों में गिरकर फूट-फूटकर रोने लगी। मंत्री ने बिलखती मां को ढांढस बंधाया और सरकार की तरफ से पूरी मदद का आश्वासन दिया। दरअसल, लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी पुरण बलाई के दोनों बेटे मनीष बलाई (15) वर्ष व संदीप बलाई (12) रविवार सुबह दस बजे अपने घर से जंगल में रह रही दादी के पास गए थे। दोपहर करीब ढ़ाई बजे दादी मां के घर से करीब पांच सौ मीटर दूर जलाशय के किनारे पर बेवड़ी के बेर खाने के लिए निकले थे। वहां खेतों में गेहूं काट रही मजदूर महिलाओं ने उन्हें भगाया था। तो दोनों बच्चे वहां से भाग गए। वहां से निकलने के बाद दोनों भाई बेवड़ी से ओझल होकर जोहड़ में नहाने उतर गए। घर नहीं पंहुचने पर परिजनों ने दोनों बच्चों को खूब ढूढ़ा लेकिन नहीं मिले। सोमवार को खेतों पर पहुंचे मजदूरों ने जोहड़ के पास कपड़े देखे थे। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जोहड़ पर जुट गई। जोहड़ में शव दिखने के बाद पुलिस को बुलाया गया। लक्ष्मणगढ़ डीएसपी कैलाश जिंदल पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। और दोनों बच्चों का शव बाहर निकलवाया गया। **मंत्री ने दिया सरकारी मदद का आश्वासन** इस दौरान प्रभारी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा व राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा घटनास्थल पर पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने पीड़ित परिवार को प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाने का आश्वासन दिया। दरअसल प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अलवर जिला स्तरीय अधिकारियों की मीटिंग में हिस्सा लेने गए थे, वह मीटिंग के बाद जयपुर लौट रहे थे। इस घटना का पता चलने पर रसूलपुर गांव पहुंचे। डॉ किरोड़ी मीणा बिलखती मां के पास गए। उनको ढांढ़स बंधाने का प्रयास किया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों बेटे पानी में डूब गए। जिनको बचाया नहीं जा सका। घटना होने के बाद पता चला कि जोहड़ में बालक डूबे हुए हैं।

## गंगापुर सिटी में अनाधिकृत 'लोडिंग मोटरसाइकिल' बेखौफ दौड़ रही



**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन का कहना है कि बिना हेलमेट, बिना कागज़ात वाले वाहन चालकों का चालान काटा जाता है, लेकिन सैकड़ों अनाधिकृतमोटरसाइकिलों को लोडिंग वाहन 'बनाकर चलने की खुली छूट मिल. रही है। ये वाहन मुख्य सडक़ों पर ओवरलोड होकर दौड़ते नजर आते है। 25-30 फीट लंबे लोहे के सरिया, एंगल भरकर, 7-8 लोग सवार होकर गुजरते हैं। लेकिन यातायात पुलिस ने आंखें मूंद रखी हैं। ऐसे वाहनों से कोई बड़ा हादसा होने पर पीड़ित को कोई सहायता नहीं मिल पाती, चालक वाहन छोडक़र फरार हो जाता है। दूसरीओर, सामान्य वाहन चालक को हेलमेट न पहनने पर ही पकड़ लिया जाता है। ऐसे में जनता की जुबान पर यही निकलता है 'यातायात पुलिस सच को दे रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।प्रकरण के अनुसार 21 अप्रैल 2024 को परिवादी ने थाना सिकन्दरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को रात करीब 2 से 3 बजे के बीच महेन्द्र पुत्र मुथरेश गुर्जर निवासी लोहसरी थाना सदर, दौसा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। रिपोर्ट में आशंका जताई गई थी कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ किसी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है।इस पर थाना सिकन्दरा में एफआईआर संख्या 172/24 के तहत धारा 363, 366ए, 376(2)(एन), 376डी, 450 भा.द.सं. तथा 5/6 पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच की गई। अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी महेन्द्र कुमार गुर्जर (उम्र 24 वर्ष) के खिलाफ पोक्सो न्यायालय, दौसा में चालान पेश किया।अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ठ लोक अभियोजक जितेन्द्र कुमार सैनी ने पैरवी करते हुए न्यायालय में 25 गवाह और 53 दस्तावेज पेश किए। साथ ही एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की गई।सुनवाई के बाद पोक्सो न्यायालय की माननीय न्यायाधीश श्रीमती रेखा राठौड़ ने उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय ने अपने निर्णय में पीड़िता को नाबालिग माना तथा एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट को महत्वपूर्ण आधार मानते हुए आरोपी द्वारा किया गया अपराध सिद्ध माना गया।

## रंगरेज समाज द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन रखा गया

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रंगरेज समाज समिति द्वारा माहे रमजान पवित्र पाक महिने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार पार्टी आयोजक रंगरेज समाज के मेहबूब रंगरेज ने बताया कि रंगरेज समाज के सामुदायिक भवन मोहता सराय स्थित यह रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन जिसे देश में अमन भाई चारा की दुआ की गई । जिसमें बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद, कांग्रेस नेता जियाउर्रहमान आरिफ,सलीम सोडा, कमल कल्ला ,अब्दुल वाहिद, सखा संगम अध्यक्ष एनडी रंगा, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष यशपाल गहलोत, बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, साजिद सुलेमानी, असलम रंगरेज ,नासिर



सज्जाद तंवर,अमजद अब्बासी ,मनोज चौधरी, धनसुख आचार्य, ताहिर हसन, यूनिस खान ,जाकिर नागौरी, एडवोकेट मो असलम ,एजाज पठान, राहुल जादू संगत, नितिन वत्स, नूर कुरैशी रमजान पेंटर अनवर अजमेरी सहित सभी समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि पाक महीने रमजान में बीकानेर शहर में रोज़ा इफ्तार की महफ़िल में शामिल होकर भाईचारे, मोहब्बत और आपसी सौहार्द का पैगाम दिया।यही गंगा-जमुनी तहज़ीब हमारे बीकानेर की असली पहचान है। हमारी राजनीति नफरत नहीं बल्कि सभी धर्मों और समाजों को साथ लेकर चलने की है।

## चौमूं के बड़कोलाई गांव में छप्पर में लगी भीषण आग

*घरेलू सामान और चारा जलकर खाक, 4 जानवर झुलसे*

**चौमूं (हुक्मनामा समाचार)।** चौमूं उपखंड क्षेत्र के बड़कोलाई गांव में पशुओं के एक कच्चे छप्पर में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही चौमूं से दमकल विभाग की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस आगजनी में पशुओं का रखा हुआ चारा, घरेलू सामान और पशु आहार जलकर खाक हो गया। चौमूं अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ ने बताया कि यह आग महादेव शर्मा पुत्र मांगीलाल शर्मा के कच्चे घरों में लगी थी, जिसमें करीब 50 मण चारा भी जल गया। आग लगने के दौरान 4 जानवर भी झुलस गए, जिनका मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार किया। ग्रामीणों ने भी दमकलकर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने में मदद की। काफी देर तक आग की लपटें उठती रहीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया था।

## गर्मियों में पेयजल आपूर्ति को लेकर जिला कलक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मियों में पेयजल व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए अभी से प्रभावी योजना बनाकर कार्य किया जाए, ताकि आमजन को पानी की किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने कंटीजेंसी प्लान के तहत प्रस्तावित कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए विभागीय स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने गत कंटीजेंसी प्लान के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने हैंडपंप रिपेयर अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में खराब पड़े अधिकतम हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ठीक करवाया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।जिला कलक्टर ने विभाग की ओर से टैंकर संचालन की रणनीति पर भी चर्चा करते हुए कहा कि जहां भी टैंकरों की आवश्यकता की संभावना हो, वहां पहले से तैयारी कर ली जाए, ताकि स्वीकृति मिलते ही तुरंत टैंकरों का संचालन शुरू किया जा सके।इसके अलावा जिला कलक्टर ने ईसरदा परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर अधिकारियों



को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यवाहक अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता एमएल मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगरीय विकास कर बकाया होने पर विभिन्न जोनों में 15 सम्पत्तियों को किया कुर्क

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार जोन स्तर पर बकाया नगरीय विकास कर वसूलने की कार्रवाई मिषन मोड पर है। सोमवार को विभिन्न जोनों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 15 सम्पत्तियों पर नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्रवाई की गई जिसमें 04 सम्पत्तिधारकों द्वारा 17 लाख 10 हजार 137 रूपये की राशि मौके पर ही जमा करवाया गई। जगतपुरा/झालाना जोन में 3 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। उपायुक्त डॉ. रवि गोयल ने बताया कि सांगानेर जोन में 6 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। 1. नूर अहमद (पिंकी सिटी गार्डन) तरूछाया नगर टोंक रोड़ की बकाया राषि 16 लाख 54 हजार 204 रूपये, 2. बोम्बे गार्डन तारों की कूंट टोंक रोड़ की बकाया राषि 10 लाख 55 हजार 866 रूपये, 3. रामजी लाल श्रीराम कॉलोनी, टोंक रोड़ बकाया राषि 15 लाख 65 हजार 901 रूपये, 4. सावित्री शर्मा प्लाट नं. 1 व 2 सावित्री विहार प्रताप नगर बकाया राषि 9 लाख 21 हजार 467 रूपये, 5. नाकोडा भैरव बिल्डिर्स प्रा0 लि0 प्रताप नगर टोंक रोड़ बकाया राषि 34 लाख 51 हजार 324 रूपये, 6. राखी अग्रवाल (आषीष एन्टरप्राईजेज) बावडी का बास नगर निगम रोड़ बकाया राषि 7 लाख 69 हजार 328 रूपये कुर्की की कार्रवाई की गई। कुर्की उपरान्त राखी अग्रवाल (आषीष एन्टरप्राईजेज) ने छूट के साथ नगरीय विकास कर की राषि 4 लाख 21 हजार 955 रूपये निगम कोष में जमा करवा दी गई एवं सम्पत्ति को कुर्क मुक्त कर दिया गया है शेष 5 सम्पत्तियॉ कुर्क की गई है।

### राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी- सावधान रहें, जल्दबाजी में पैसा ट्रांसफर करने से पहले जरूर करें पुष्टि

# ए आई और डीपफेक का बढ़ता खतरा: आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराधी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

क्या है एआई और डीपफेक तकनीक उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है।

इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

**ऐसे पहचानें साइबर ठगी के संकेत**- साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति फोन या मैसेज के माध्यम से 'अभी पैसे भेजो' या 'तुरंत ट्रांसफर करो' जैसे संदेश देता है तो सतर्क हो जाएं। कई बार अपराधी डर, घबराहट या गोपनीयता का हवाला देकर जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए दबाव बनाते हैं। इसके साथ ही ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी मांगना भी साइबर ठगी का स्पष्ट संकेत हो सकता है। अक्सर ठग पीड़ित को किसी अन्य व्यक्ति से पुष्टि करने से भी रोकने की कोशिश करते हैं।

**खुद को ऐसे रखें सुरक्षित** – राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या वीडियो पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई परिचित व्यक्ति पैसे मांगता है तो पहले उसके पहले से ज्ञात मोबाइल नंबर पर सामान्य कॉल करके जानकारी की पुष्टि जरूर करें। ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारी कभी भी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, वॉइस नोट या वीडियो अनावश्यक रूप से सार्वजनिक करने से भी बचें।

**ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत** –यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सहायता के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी संपर्क किया जा सकता है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि तकनीक के इस दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास न करें और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

### एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 18 मार्च को

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** उपश्रेत्रीय रोजगार कार्यालय श्रीगंगानगर द्वारा 18 मार्च 2026 को उपश्रेत्रीय रोजगार कार्यालय, पुरानी आबादी लैबर कोर्ट कैम्पस श्रीगंगानगर में प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों (बीमा, मेडिकल, एग्रीकलचर, फाइनेन्स, आईटी, बैकिंग सेक्टर) द्वारा दसवीं, बारहवीं पास, स्नातक उत्तीर्ण एवं आईटीआइ उत्तीर्ण आशार्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक आशार्थी रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन हेतु क्यूआर कोड को स्केन करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रोजगार के इच्छुक युवा अपने साथ स्वयं के पांच फोटो (पासपोर्ट साईज), मूल शैक्षणिक कागजात (दो सैट फोटोस्टेट प्रतियों सहित) व मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र आदि साथ लेकर आवें।

## संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, सीकर में 'फिएस्टा' का भव्य आयोजन



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, सीकर में 'फिएस्टा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ताराचंद धायल जिला उपप्रमुख, सीकर, सुरेश कुमार सामोता मैनेजिंग डायरेक्टर, गंगा हुंडई, सीकर, राजपाल महला पीओ न्यायिक सेवा, रतन सिंह पिलानिया प्रदेश संयोजक, निजी शिक्षा संस्थान तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य बनवारी नेहरा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

### गोठड़ा तगेलान में खुशी की लहर

# भागचंद कड़ाला बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ममता भूपेश बैरवा ने सीकर जिले की अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें गोठड़ा तगेलान निवासी और क्षेत्र के युवा चेहरे भागचंद कड़ाला को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।भागचंद कड़ाला को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सामाजिक क्षेत्र में उनके सक्रिय योगदान और एसआईआर(संभवत: 'सामाजिक इंसाफ रक्षक' या स्थानीय राजनैतिक संगठन) में उनके अथक प्रयासों को देखते हुए सौंपी गई है। ऐसे में कांग्रेस के हर कार्यकर्ता का यह दायित्व बनता है कि वह सड़क से संसद तक आंदोलन छेड़े और इस लापरवाह सरकार को उखाड़ फेंके। 'इस अवसर पर प्रशासक जगदीश प्रसाद खारिया, जीवन थानेदार, मदन फौजी, रघुनाथ बुरड़क, शिषराम बुरड़क, बंशीलाल खारिया, छगन लाल खारिया, मदन लाल कड़ाला, मोतीराम कड़ाला, सागर बुरडक,



विजय प्रकाश कड़ाला, मनोज खारिया, दुलाराम खारिया, बंशीलाल कड़ाला, बलबीर कुमावत, राकेश कड़ाला, भंवर लाल कड़ाला, मिठुराम, सोहन बानुड़ा, मुरारी, भंवरलाल कुमावत, फुलचंद कुमावत, नानुराम खारिया, सागर कड़ाला और मंगल चंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### राजस्थान दिवस सप्ताह-

## पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर शहर में 17 से 19 मार्च तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर शहर में 17 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्यटन विभाग की आयुक्त रुक्मणी रियाड़ ने बताया कि 17 से 19 मार्च तक जयपुर शहर के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर कला संस्कृति से परिपूर्ण भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिनमें प्रदेश की समृद्ध विरासत, संस्कृति और लोक कलाएं मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। इन आयोजनों के माध्यम से आमजन को राजस्थान की परंपराओं और लोक संस्कृति से रूबरू कराया जाएगा।

पर्यटन आयुक्त ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से तथा सियाही संस्था के सहयोग से त्रिपोलिया गेट स्थित बृज निधि मंदिर में 17 मार्च को प्रात: 7:30 बजे विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा। 17 मार्च को ही सायं 7:00 बजे जवाहर कला केंद्र के मध्यवर्ती परिसर में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा 'समुद्र मंथन' नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसका निर्देशन चित्तरंजन त्रिपाठी (हस्ष्ठ) द्वारा किया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से एवं हंटर हाइकर्स के सहयोग से 17 एवं 18 मार्च को प्रात: 6:45 बजे से 'नेचर हाईक्स' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 17 मार्च को गढ़ गणेश मंदिर से गैटोर की छतरियों (6 किलोमीटर) पर तथा 18 मार्च को खेडी गेट से सागर लेक आमेर (6 किलोमीटर) में यह आयोजन किया जाएगा। पर्यटन विभाग की ओर से और जयपुर विरासत फाउंडेशन के सहयोग से 18 मार्च को प्रात: 7:00 बजे से हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा।

यह चतुर्भुज जी मंदिर, छोटी चौपड़ एवं जेम सिनेमा, एम.आई. रोड से आयोजित होगी। पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ ने बताया कि राज्य सरकार के निर्णय अनुसार इस बार चैत्र की शुक्ल प्रतिपदा ( 19 मार्च) को मनाये जा रहे राजस्थान दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पद्मश्री अनवर खां मांगणियार एवं दल तथा पद्मश्री तगाराम भील एवं दल द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति एवं कथक नृत्य एवं आकर्षक कोरियोग्राफी की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।

## महिलाओं ने गणगौर उत्सव में किया लोक संस्कृति को साकार

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित नगर श्री सभागार में छ: न्याति ब्राह्मण महासंघ जिला महिला श्री मांडी गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इकाई अध्यक्ष दीपिका शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि रजनी सहल व वीणा गौड़ थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणगौर माता का पूजन कर किया गया। रंग-बिरंगे परिधानो में सजी-धजी युवतियों व महिलाओं ने लोक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर विजयलक्ष्मी त्रिवेदी, सुषमा शर्मा, विमला शर्मा, निर्मला जोशी, विद्या बाघ, शशि चंदेल, पुष्पा तंवर, अचला शर्मा ने गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर



कार्यक्रम में समां बांध दिया। इसी क्रम में रेखा शर्मा, निशा शर्मा, कृतिका शर्मा, विनिता शर्मा, उषा सैनी, विजयश्री व पूजा ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि हिन्दू संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम जरूरी है। इस अवसर पर दीपिका शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा व सौहार्द का भाव पैदा होता है। इससे पूर्व महिला ईकाई सदस्य चंदा बंशिया, नीरू शर्मा, प्रीति दाधीच, सरिता इंदोरिया, विमला जोशी, ममता शर्मा, नेहा, मोनिका शर्मा, शशी चोटिया व इशिता शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। विदेशी पर्यटकों ने भी कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में हारमोनियम पर विजयलक्ष्मी व ढ़ोलक पर लीलाधर कथक ने संगत दी। कार्यक्रम का संचालन आनंद बाला दुबे ने किया।

### ऑपरेशन शिकंजा: करौली में ऑनलाइन सट्टा किंग पर बड़ी कार्रवाई, 35 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्की की तैयारी

# होटल, मकान, जयपुर के फ्लैट, जमीन और फॉर्च्यूनर गाड़ी सहित करोड़ों की संपत्ति पर पुलिस का शिकंजा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत करौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा किंग की करीब 35 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में होटल, मकान, जयपुर के फ्लैट, जमीन और लग्जरी गाड़ी सहित कई संपत्तियों को जब्त करने के लिए न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

**संगठित अपराध के खिलाफ सख्त अभियान**- महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों और इनामी बदमाशों के खिलाफ प्रदेशभर में 'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज कैलाश चंद्र बिश्नोई के निर्देशन और जिला पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल के नेतृत्व में जिले में वांछित अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौन सिटी सत्येन्द्र पाल के सुपरविजन में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है।

**सांप्रदायिक दंगे का मास्टरमाइंड और सट्टे का काला कारोबार**-पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि करौली निवासी अमीनुद्दीन खान उर्फ आमीन (50) न केवल ऑनलाइन सट्टे का बड़ा खिलाड़ी है, बल्कि वह वर्ष 2022 में करौली में हुए सांप्रदायिक दंगों का मुख्य षड्यंत्रकारी भी रहा है। आरोपी लंबे समय से करौली, हिण्डौन, गंगापुर सिटी और जयपुर में अपने एजेंटों के माध्यम से 'क्रिकेट लाइव गुरु ऐप' जैसे माध्यमों से करोड़ों का सट्टा कारोबार चला रहा था।

हाल ही में हिण्डौन सिटी थाना पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया में चल रही 'बिग बैश लीग' पर सट्टा लगाते हुए इसके एजेंटों को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। 'ऑपरेशन शटर डाउन' के तहत अब तक इस गिरोह के 16 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

**आय से कई गुना अधिक संपत्ति**- जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के पास मौजूद संपत्ति उसकी घोषित आय से कई गुना अधिक है। आरोपी के किसी वैध व्यवसाय या नियमित आय के स्रोत का पता नहीं चला है। अधिकांश संपत्तियां नकद राशि देकर खरीदी गई हैं और बैंक खातों में भी वैध आय के ट्रांजेक्शन नहीं पाए गए।

**धारा 107 बीएनएसएस के तहत कुर्की की कार्रवाई**-पुलिस ने आरोपी की संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक खातों की जानकारी, आयकर विवरण, वाहन दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार की है। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा अर्जित संपत्तियां अपराध से अर्जित आय से खरीदी गई हैं। इसके आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 107 के तहत संपत्ति कुर्क करने के लिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी की अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**35 करोड़ से अधिक की संपत्तियां चिन्हित**- पुलिस जांच में आरोपी की करीब 35 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चल-अचल संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जिनमें एक आलीशान होटल, एक मकान, जयपुर में दो फ्लैट, एक दुकान का भूखंड, 19 बीघा 7 बिस्वा जमीन और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी शामिल हैं।

**अपराध से अर्जित संपत्ति पर सख्त कार्रवाई** –एसपी सोनवाल का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई से न केवल अपराधियों की आर्थिक कमर टूटेगी बल्कि युवाओं को भी अपराध की दुनिया से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी।

करौली पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा। पूरे ऑपरेशन में हिण्डौन सिटी के वृताधिकारी मुनेश कुमार, थाना सदर हिण्डौन के थानाधिकारी पुरुषोत्तमलाल, निरीक्षक हेमंत कुमार वर्मा, एएसआई गिरधारी सिंह, साइबर सेल के मनीष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### कृषि महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

### अंजलि गुर्जर मिस फ्रेशर एवं चौधरी दिलसुख मिस्टर फ्रेशर के ताज से नवाजा




**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** फ्रेशर्स पार्टी का उद्देश्य कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों में बंधुत्व की भावना विकसित करना है। पढ़ाई के साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं। अनुशासन और योजनावद्ध कडी मेहनत से कठिन मंजिल भी हासिल की जा सकती है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डाक्टर उदयभान सिंह का। डां. सिह कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के नवागुंतक विद्यार्थियों के लिए सीनियर विद्यार्थियों ने 16 मार्च 2026 को आयोजित फ्रेशर्स पार्टी ''तरंग'' के आयोजन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में चैधरीदिलखुश को मिस्टर फ्रेशर व अंजली गुर्जर को मिस फ्रेशर के ताज से नवाजा गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉ भानुप्रिया पंकज, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. शंकर लाल यादव सहित समस्त कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण आज चूरू, सुजानगढ़ व सरदारशहर में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण मंगलवार, 17 मार्च को जिले मे 03 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशानुसार जिले में मंगलवार को चूरू शहर में डीआईसी सेंटर व सरदारशहर में राममंच में सुबह 10 बजे से व सुजानगढ़ के नगरपालिका सभागार में दोपहर 02 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीनों प्रशिक्षण में एक हजार से अधिक प्रशिक्षार्थी का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन सिंह गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार,अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, आशा सहयोगिनी, एएनएम सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

### पिकअप ने ट्रैक्टर थ्रेसर को पीछे से मारी टक्कर

## ट्रैक्टर 15 फुट गहरी खाई में गिरा, दोनों वाहनों के ड्राइवर सुरक्षित

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर सालाबाद गांव के पास सोमवार तड़के करीब 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप ने थ्रेशर मशीन ले जा रहे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन



सड़क पर दो बार पलटने के बाद सड़क किनारे करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरे। इस दुर्घटना में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहनों में फंसे दोनों ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बाद में दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। दुर्घटना में पिकअप चालक बेताल सिंह, जो बिरहठा का निवासी है, और ट्रैक्टर चालक श्रीभान गुर्जर, जो सालाबाद के रहने वाले हैं को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार पिकअप चालक बेताल सिंह आगरा की सब्जी मंडी से गाड़ी खाली करके बयाना लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची थी और यातायात को सामान्य कराया गया। फिलहाल, इस दुर्घटना के संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

## मोदी के पुतला दहन के समय मोदी भक्त ने किया एतराज - कार्यकर्ताओं से हुई झड़प

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, इस दौरान एक मोदी भक्त बुजुर्ग द्वारा विरोध किए जाने पर मामला गरमा गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता ने बुजुर्ग के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर में जनचर्चा का विषय बना।



जानकारी के अनुसार, कांग्रेस कार्यकर्ता घंटाघर पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने की तैयारी में थे। इसी बीच वहां मौजूद एक बुजुर्ग व्यक्ति ने पुतला दहन का कड़ा विरोध किया। बुजुर्ग का कहना था कि, 'मैं नरेंद्र मोदी का पुतला दहन नहीं करने दूंगा, आप लोग सरासर गलत कर रहे हो।' बुजुर्ग की इस बात पर वहां मौजूद कार्यकर्ता बिफर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार कार्यकर्ताओं ने बुजुर्ग के साथ बदतमीजी शुरू कर दी। इस घटना के बाद शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन एक निहत्थे बुजुर्ग के साथ मारपीट करना बेहद निंदनीय है। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन हमारे संस्कारों में बुजुर्गों का स्थान सर्वोपरि है। एक बुजुर्ग के साथ इस तरह की धक्का-मुक्की रतनगढ़ की संस्कृति का हिस्सा नहीं हो सकती।

## पीएम श्री रा. उ. मा. विद्या. में एन एस एस शिविर का हुआ आयोजन

**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं श्रमदान गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर स्थित हर्बल गार्डन एवं किचन गार्डन की साफ-सफाई, पौधों की गुड़ाई तथा पार्क की सफाई का कार्य किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और उसे व्यवहार में उतारने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान मौसमी बीमारियों के विषय पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम स्थित वाल्मीकि मंदिर व हरि मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।

## शिक्षा विभाग के पेंशन प्रकरणों का मौके पर होगा समाधान

### पहली पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल को

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के सेवानिवृत कार्मिकों के पेंशन संबंधी प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए अब वर्ष में 4 बार पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इसके तहत इस वर्ष की पहली पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल को किया जा रहा है। पेंशन अदालत में इस बार शिक्षा विभाग के सेवानिवृत कार्मिकों की पेंशन सम्बंधित समस्याओं के समाधान किया जाएगा। निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण महेंद्र सिंह भूकर ने बताया कि पेंशन अदालत का आयोजन संभाग स्तर पर किया जा रहा है। प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित पेंशनर अपना आवेदन पत्र मय संपूर्ण दस्तावेज 25 मार्च तक पेंशन विभाग, शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं संबंधित कोषालय में भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत में शिक्षा विभाग के सेवानिवृत कार्मिकों के किसी कारणवश निस्तारित नहीं हुए पेंशन प्रकरणों का अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया जाएगा। पेंशनर व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेंशन अदालत में जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत के लिए निर्धारित आवेदन पत्र शिक्षा विभाग एवं पेंशन विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### 1 अप्रैल से शुरू होगी सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि जीन्स सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 20 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जा रही है। पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण उदय दीप सिंह राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6,200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-6001 भी उपलब्ध कराया गया है। वहीं, उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण शिरीष वी. चान्दे ने बताया कि पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल पर प्राप्त संदेश के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही अपनी एफएक्यू मापदण्ड की उपज संबंधित खरीद केन्द्र पर लेकर आएं। किसानों को यह भी ध्यान रखना होगा कि निर्धारित तिथि से अधिकतम 10 दिवस के भीतर ही उपज की तुलाई करवाई जा सकती है, ताकि समय पर उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जयपुर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 42 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां सरसों एवं चना की खरीद की जाएगी।

### जयपुर की स्क्रैप फैक्ट्री में ब्लास्ट

*4 मजदूर झुलसे, धमाके के साथ कंप्रेसर फटा, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की स्क्रैप फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से दहशत फैल गई। फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फटने पर आग की लपटें निकलने लगी। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने हादसे में झुलसे चार मजदूरों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। हादसा विश्वकर्मा के रोड नंबर-17 पर जैसलिया चौराहा के पास जगदंबा इंडक्शन प्राइवेट लिमिटेड स्क्रैप फैक्ट्री में सोमवार शाम करीब 5:30 बजे हुआ। कंप्रेसर मशीन में लोहे का स्क्रैप डालकर कर रहे थे प्रेस एसएचओ (विश्वकर्मा) रविंद्र सिंह ने बताया- फैक्ट्री में लोहे के स्क्रैप के बंडल बनाने के लिए इलेक्ट्रिक कंप्रेसर मशीन पर काम किया जा रहा था। कंप्रेसर मशीन में लोहे का स्क्रैप डालकर प्रेस किया जा रहा था। इस दौरान मशीन के पास चार मजदूर खड़े थे। स्क्रैप प्रोसेज के दौरान हीट के चलते अचानक कंप्रेसर में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फटने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। इससे निकली आग से मशीन के पास खड़े चारों मजदूर झुलस गए।

राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए

# राज सखी मेला-2026 का शुभारंभ

## भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की अहम भूमिका- कन्हैया लाल चौधरी

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए राजीविका मिशन के तहत ''लखपति दीदी योजना'' का विस्तार किया है। अब महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रुपये का लोन मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण देश का आर्थिक आधार है। विकसित भारत/2047 को पूरा करने के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की भूमिका बहुत अहम है। महिला सशक्तिकरण की हमारी योजनाओं से उनके जीवन में नया बदलाव आ रहा है। चौधरी राजसखी मेला-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को टोंक जिला में राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए।

चौधरी ने जिले में राजीविका की महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा किए गए




नवाचार ''डीएम विद दीदीज'' की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर राजीविका मार्ट का कॉंसेप्ट, कल्याण जी मंदिर डिग्गी में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए दुकान उपलब्ध कराने से लखपति दीदी के उत्पादों को व्यापक बाजार और आय के नये अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इसके लिए अपनी ओर से 50 लाख रुपये की घोषणा की।

**कैबिनेट मंत्री ने राज सखी मेले का अवलोकन कर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया-** कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने राज सखी मेले में राजीविका के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद दिल से रची हाथों से सजी कला का बेहतरीन उदाहरण दिया। उन्होंने इस कला से ज्यादा से ज्यादा राजीविका की महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कहा, ताकि अन्य महिलाए भी समूह से जुड़कर आगे बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह को महिला निधि बैंक से 1.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर कार्य की सुगमता के लिए खरीदी गई स्कूटी की चाबी सौंपी।

## टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी,एमबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण दें-विजय बैंसला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष और बीजेपी नेता विजय बैंसला ने प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जनजातीय उप योजना (टीएसपी) क्षेत्र में ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने का मुद्दा उठाते हुए सीएम भजनलाल शर्मा को चिट्ठी लिखी है।

विजय बैंसला ने टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस का आरक्षण नहीं मिलने को संविधान विरोधी करार देते हुए इसमें सुधार करने की मांग की है। टीएसपी क्षेत्र में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, उदयपुर के इलाके शामिल हैं। बैंसला ने लिखा- राजस्थान के टीएसपी क्षेत्र में रहने वाले एमबीसी, ओबीसी



और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लाखों युवा आज भी सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण से पूरी तरह वंचित हैं। टीएसपी में वर्तमान आरक्षण नीति के तहत एसटी को 45% और स्ष्ट को 5% आरक्षण मिलता है, जबकि बाकी 50% सीटें अनारक्षित रहती हैं। राजस्थान के गैर-टीएसपी क्षेत्रों में वर्तमान में एमबीसी 5%, ओबीसी 21% और ईडब्ल्यूएस को 10% आरक्षण मिल रहा है। यह असमानता सिर्फ ऋस्क्क क्षेत्र में जन्म होने से अथवा निवास के आधार पर है। जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(1), 16(1) और 16(2) का स्पष्ट उल्लंघन है।

बैंसला ने लिखा- भारत का संविधान राज्य को अपने नागरिकों के साथ क्षेत्रीय आधार पर भेदभाव करने का कोई अधिकार नहीं देता। संविधान में साफ लिखा है कि 'राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति के मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर होंगे। केवल धर्म, जाति, लिंग, वंश, निवास आदि के आधार पर किसी को अयोग्य नहीं माना जाएगा।

बैंसला ने लिखा- पिछड़ापन किसी पेड़, पत्थर या क्षेत्र का नहीं होता, पिछड़े वहां के लोग होते हैं।

### 18 मार्च 2026 को प्रस्तावित कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर स्थगित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवीन युवा नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत युवाओं को करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसरों से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से दिनांक 18 मार्च 2026 को युवा आवास परिसर, जयपुर में आयोजित होने वाला कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि उक्त शिविर की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी, जिसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी। संबंधित युवाओं एवं प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे आगामी

## जैसलमेर में ट्रेन की चपेट में आए 6 ऊंट, मौत

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** जैसलमेर जिले के लाठी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार देर रात पोकरण जा रही लीलण एक्सप्रेस की चपेट में आने से 6 ऊंटों की मौत हो गई। हादसे के बाद 2 ऊंट ट्रेन के इंजन के नीचे फंस गए, जिन्हें निकालने में रेलवे कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लाठी पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक पदमचंद गोयल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। मामले की जानकारी लाठी रेलवे स्टेशन को भी दे दी गई है।

**रात में ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा** गोरक्षक रणवीर सिंह, लाठी के अनुसार रविवार रात करीब 1 बजे ऊंटों का एक झुंड लाठी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी समय जैसलमेर से चली लीलण एक्सप्रेस वहां पहुंच गई। ट्रेन की तेज आवाज और हेडलाइट की रोशनी से ऊंट घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान ऊंट ट्रेन की चपेट में आ गए। इनमें से 5 ऊंटों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ऊंट ने बाद में दम तोड़ दिया।

टक्कर इतनी तेज थी कि दो ऊंट ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे की तरफ घसीटते हुए चले गए और इंजन के पहियों और निचले हिस्से में बुरी तरह फंस गए। टक्कर के कारण ऊंटों के इससे उनके शरीर पर गहरी चोटें आईं और कई जगहों पर मांस फट गया।

घटना होते ही लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, ताकि आगे और नुकसान न हो। ट्रेन रुकने के बाद चालक और रेलवे कर्मचारी नीचे उतरे और इंजन के नीचे फंसे ऊंटों को निकाला। इस काम में करीब 20 मिनट का समय लगा। तब तक ट्रेन ट्रैक पर ही खड़ी रही और यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

## सरकारी स्कूल में स्टूडेंट पर गिरा पंखा, दो घायल

प्रार्थना सभा के बाद रूम में पहुंचे थे बच्चे



मनीष पुत्र जबराराम मनीष पुत्र अर्जुन राम

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर के सरकारी स्कूल की क्लास में अचानक पंखा गिर गया। हादसे में दो स्टूडेंट घायल हो गए। प्रार्थना सभा के बाद बच्चे क्लास में पहुंचे। इसी दौरान हुक सहित पंखा दोनों बच्चों के सिर पर गिर गया। घटना के बाद क्लास में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल स्टाफ व आस-पास के लोग दोनों बच्चों को बाड़मेर के सरकारी जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह 10 बजे सांसियों का तला उच्च प्राथमिक स्कूल का है। हादसे में पहली क्लास के स्टूडेंट मनीष (5) पुत्र अर्जुनराम और दूसरी क्लास में पढ़ने वाले मनीष (6) पुत्र जबाराराम घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान एक स्टूडेंट अपनी दादी को देखकर रोने लगा। इस पर दादी उसे गोद में लेकर दुलारने लगी।

प्रार्थना सभा के बाद दोनों बच्चे क्लास में पहुंचे थे टीचर मुकेश अमन ने बताया- दोनों बच्चों का नाम मनीष है। एक छात्र फर्स्ट और दूसरा सेकेंड क्लास में पढ़ता है। दोनों की क्लास एक ही कमरे में चलती है। प्रार्थना सभा के बाद सभी बच्चे क्लास में जा रहे थे। ये दोनों स्टूडेंट क्लास में पहले पहुंचकर अपनी जगह पर बैठे थे, जबकि बाकी बच्चे पीछे आ रहे थे।

इसी दौरान लोहे के पैनल पर लगा पंखे का हुक टूट गया और इन बच्चों आ गिरा। ये देख दूसरे बच्चे घबरा गए और स्टाफ को बुलाया। स्कूल टीचर दोनों को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

बच्चे की दादी बोलीं- टीचर की लापरवाही, पड़ोसी बाइक पर लेकर आया सूचना पर घायल बच्चों के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। मनीष पुत्र अर्जुनराम की दादी चंपा देवी ने बताया- मैंने सुबह 9 बजे अपने बच्चे को तैयार कर स्कूल भेजा था। स्कूल हमारे घर के पास ही है। स्कूल के टीचर ने बताया कि मनीष को चोट लग गई है तो मैं दौड़ते हुए वहां पहुंची। हमारे पड़ोस में रहने वाला सुनील सिंह बाइक पर बच्चे को लेकर हॉस्पिटल पहुंचा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का किया निरीक्षण

# परिवादियों से फोन पर किया सीधा संवाद, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

विभागीय अधिकारी नियमित रूप से हेल्पलाइन पर आमजन की समस्याएं सुनकर करेंगे निस्तारण,

घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में अनियमितता बरतने वाली एजेंसीयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन को घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण करने के दिशा निर्देशों के क्रियान्वयन के क्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा कर परिवादियों से फोन पर सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उन्होंने परिवादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने डीडवाना कुचामन के परबतसर से तुक्कारम एवं सुरेश काला, सीकर से देवेन्द्र एवं कानाराम, बालोतरा से भोमाराम, किशनगढ़ (अजमेर) से संजय, सिणधरी से कानाराम, साहवा से अमर चंद एवं देवदास, सूरतगढ़ से राजेंद्र कुमार एवं हनुमान प्रसाद, कोटपुतली बहरोड़ से सुनील कुमावत एवं केकड़ी के लक्ष्मण से 181 हेल्पलाइन पर बात कर उनकी शिकायतें सुनी तथा त्वरित समाधान हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने परिवादियों से उनके क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी ली एवं प्रदेश में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति में अनियमितता बरतने वाली गैस एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

परिवादियों से संवाद की दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने ओटीपी के माध्यम से गैस सिलेंडर डिलीवरी ना करने तथा बुकिंग के दो से तीन दिन के अंदर गैस घरेलू गैस सिलेंडर ना पहुंचाने पर कठोर कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

साथ ही उन्होंने सभी परिवादियों से केवाईसी करवाने का आग्रह किया। उन्होंने परिवादियों द्वारा दिए गए सुझावों पर प्रभावी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से हेल्पलाइन पर आकर स्वयं परिवादियों से संवाद करने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

इससे पहले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में विभिन्न शिकायतों के बारे में जानकारी ली। साथ ही हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जाना। इस दौरान उन्होंने प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों तथा संतुष्टि श्रेणियों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय अपनाए जाएं तथा परिवादियों से नियमित फीडबैक लिया जाए।

इस अवसर पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पैरालंपिक सीईओ ने परिवार के साथ किया रणथंभौर पार्क का भ्रमण

**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** देश विदेश तक विख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क अपनी अलग ही पहचान रखने वाला नेशनल पार्क हे जहां हर दिन कोई ना कोई सेलिब्रिटी,फिल्मी सितारे ओर अन्य कई लोग यहां बाघों के दीदार करने आते हैं।



जहा रविवार को विश्व पैरालंपिक समिति अध्यक्ष पॉल फ़िट्ज़गेरल्ड और पैरालंपिक समिति ऑफ़ इंडिया के सीईओ राहुल स्वामी इन दिनों अपने परिवार के साथ दो दिवसीय रणथंभौर के निजी दौरे पर पहुंचे । रविवार को रणथंभौर पहुंचने के बाद उनका वन विभाग के अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रणथंभौर के डीएफओ मानस सिंह के निर्देश पर वाइल्डलाइफर परीक्षित शर्मा ने रणथंभौर पहुंचे मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें रणथंभौर में टाईगर सफारी कराई।

पैरालंपिक समिति के पदाधिकारियों ने रविवार शाम को रणथंभौर में टाइगर सफारी के दौरान जोन नंबर दो, तीन और चार में टाइगर सफारी की और टाईगर की अठखेलियों के साथ ही रणथंभौर के प्राकृतिक सौंदर्य, अन्य वन्यजीवों और जैव विविधता का लुफ्त उठाया । टाईगर सफारी के दौरान पैरालंपिक ऑफ इंडिया के सीईओ राहुल स्वामी और पॉल फ़िट्ज़गेरल्ड ने रणथंभौर के घने जंगलों, झीलों और वन्यजीवों को करीब से देखा और खूब आनंद लिया। उन्होंने यहां के प्राकृतिक वातावरण और वन्यजीव संरक्षण की व्यवस्था की सराहना की। पार्क भ्रमण के दौरान उन्हें रणथंभौर के जोन नंबर चार में टाईगर 2506 के दीदार हुए। दोनों अतिथियों ने रणथंभौर में बिताए पलों को यादगार बताते हुए वन विभाग के प्रयासों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रणथंभौर जैसा प्राकृतिक स्थल वन्यजीव प्रेमियों के लिए बेहद खास अनुभव प्रदान करता है।

## पंजाबी राजपूत समाज ने किया विधायक का अभिनंदन



**कामवन ( हुक्मनामा समाचार )।** कामवन क्षेत्र की जनता की जन भावनाओं व मांग के अनुरूप विधायक नौक्षम चौधरी द्वारा विधानसभा में मांग रखते हुए कामां को उसकी पुरातन पहचान दिलाने की मांग की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत दिनों कामां का नाम बदलकर कामवन कर दिया गया इसके बाद सर्व समाज द्वारा लाल दरवाजे पर विधायक नौक्षम चौधरी का नागरिक अभिनंदन की किया गया नागरिक अभिनंदन समारोह में पंजाबी राजपूत समाज द्वारा अध्यक्ष निहाल सिंह तरगोतरा के नेतृत्व में विधायक नोक्षम चौधरी का साफा पहना,कर शॉल ओढाकर व दुपट्टा पहनाकर मान सम्मान किया गया इस अवसर पर पंजाबी राजपूत समाज के प्रवक्ता रवि कुमार, गुरचरण सिंह ऊंधन,डॉक्टर शक्ति सिंह सबलाना,डा रविन्द्र तरगोतरा सहित पंजाबी राजपूत समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## परसरामपुरा का शास्त्री फार्म हाउस और हजारों लोगों का उत्साह...



**नवलगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नवलगढ़ क्षेत्र के परसरामपुरा स्थित शास्त्री फार्म हाउस में आयोजित फागोत्सव इस बार बड़ा ही खास बन गया। जैसे ही डॉ. राजकुमार शर्मा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, पूरे माहौल में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोगों का अपने नेता के प्रति स्नेह साफ दिखाई दे रहा था। कोई उनसे गले मिल रहा था, कोई आशीर्वाद दे रहा था तो कोई उनसे आशीर्वाद ले रहा था। सबसे दिलचस्प नजारा तब देखने को मिला जब लोगों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ सी मच गई। हर कोई अपने मोबाइल में उस पल को कैद करना चाहता था। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर व्यक्ति अपने 'राजकुमार' के साथ एक तस्वीर लेने को उत्साहित दिखाई दिया। फागोत्सव में माता-बहनों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही, उन्होंने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शिरकत की और आयोजन की शोभा बढ़ाई।

# रावतसर में 7वें चरण के FMD टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**रावतसर( हुक्मनामा समाचार )।** क्षेत्र में खुरपका-मुंहपका (ख्रख्ष्ठ) टीकाकरण अभियान के 7वें चरण का शुभारंभ सोमवार को डॉ महावीर सहारण व नितीश धर्मेंद्र मोची द्वारा श्री कृष्ण गौशाला में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पशुपालकों से अपने पशुओं का अधिक से अधिक टीकाकरण करवाने की अपील की, ताकि इस संक्रामक बीमारी से पशुधन को सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. महावीर सहारण ने पशुपालकों को एफएमडी बीमारी के लक्षण, बचाव तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में पशुओं को तेज बुखार आना, मुंह से लार गिरना, मुंह व जीभ पर छाले होना, खुरों के बीच घाव बनना तथा पशु का लंगड़ाकर चलना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण करवाने की अपील की।उन्होंने बताया कि टीकाकरण के समय पशुपालक के मोबाइल फोन पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पशु को टीका लगाया गया है। इस टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड पशुधन ऐप पर दर्ज किया जाएगा।इस अवसर पर पशु धन निरीक्षक साजिद खान, सुरेश कुमार, विकास स्वामी सहित पशुपालक उपस्थित रहे।



## अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से तीन किलोमीटर पट्टी में प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जन-सुरक्षा एवं शान्ति भंग की आशंका होने व राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर डॉ. मंजू द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपखण्ड श्रीगंगानगर, श्रीकरणपुर, पदमपुर, रायसिंहनगर, अनूपगढ व घडसाना से लगती हुई भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से तीन किलोमीटर पट्टी में प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

आदेश के अनुसार सायं 7 बजे से प्रात: 6 बजे तक उक्त क्षेत्र में कोई व्यक्ति आवागमन नहीं कर सकेगा। यदि किसी कृषक को अपनी कृषि भूमि में सिंचाई व्यवस्था के लिए जाना अनिवार्य हो तो वह उस क्षेत्र में स्थित सीमा सुरक्षा बल के बोर्डर पोस्ट अधिकारी, सेना के अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर आवागमन कर सकेगा। सायं 7 बजे से प्रात: 6 बजे तक उक्त क्षेत्र में कोई व्यक्ति तेज प्रकाश एवं तेज ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं करेगा एवं पटाखे, बैंण्ड, डीजे इत्यादि नहीं चलायेगा। यह प्रतिबन्ध राज्य/केन्द्र सरकार के कर्मियों पर प्रभावी नहीं रहेगा। आदेश 16 मार्च 2026 से आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

## शहीदों को समर्पित विशाल रक्तदान शिव 23 मार्च को, पदमपुर बलिदानी शहीद



**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** हेमू कालानी की जयंती एवं शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव सिंह व शहीद कैप्टन रामपाल सिंह सिद्धू शहीद रामेश्वर लाल तरण को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर 23 मार्च को गुरुद्वारा अरोड वंश नगर पालिका के स्थित सिंधी समाज समिति , एपेक्स क्लब , स्वर्णकार सेवा समिति, पूज्य सिंधी व भानुशाली सिंधी पंचायत , भारतीय सिंधु सभा सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से लगाया जाएगा । नन्हे क्रांतिकारी शहीद हेमू कालानी का 23 मार्च की जयंती दिवस एवं शहीद भगत सिंह ,राजगुरु ,सुखदेव सिंह का शहादत दिवस को समर्पित रक्तदान शिविर को लेकर श्री राम मंदिर में स्वर्ण समाज के प्रमुख सोहनलाल सोनी , नरेश सोनी , मनजीत सोनी ,मनोज सोनी ,सुनील मराठा , विकास सोनी एवं पुजारी मनीष शर्मा सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने बैठक कर संकल्प लिया कि शहीदों के निमित्त होने वाले कार्य में अधिक से अधिक रक्तदान दाताओं को रक्तदान हेतु प्रेरित किया जाएगा।

## राजस्थान स्थापना दिवस के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जा रहा है आयोजन

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुपालना में 14 से 19 मार्च तक विविध कार्यक्रमों सहित जिले में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजस्थान दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। 15, 16 मार्च को राजस्थान को जाने प्रतियोगिता में जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निबंध प्रतियोगिता, भाषण एवं पेटिंग प्रतियोगिता करायी गई, जिसमें विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।


राजस्थान को जाने क्विज प्रतियोगिता के अन्तर्गत जिले समस्त विद्यालय में आयोजित करायी जा रही है. जो 19 मार्च तक जारी रहेगी।

## रतनगढ़ सैनी नवयुवक मंडल व कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी नवयुवक मंडल अध्यक्ष व सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष के चुनाव सैनी समाज अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए।चुनाव कार्यक्रम में नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर रवि गौड़ तथा सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष पद पर पुन: मोहनलाल राकसीया को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश टाक, परमेश्वर लाल गौड़ व अशोक वर्मा के निर्देशन में पूर्ण हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित दोनों अध्यक्षों का उपस्थित समाजबंधुओं ने माला पहनकर शुभकामनाएं दी। जिला महासचिव गौरीशंकर खडोलिया ने बताया कि दोनों ही सक्रिय सगंठनों का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद आज रविवार को दोनों ही संगठनों का निर्वाचन कर दिया गया है। आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह से पूर्व अपनी कार्यकारिणी घोषित करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। चुनावी बैठक में वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में विधार्थियों के लिए ई-लाईब्रेरी, पुस्तकालय, कम्प्यूटर क्लास, अंग्रेजी स्पोकन कोर्सेज आदि बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए।

## मोदी यूनिवर्सिटी में विधि छात्रों को मिला न्यायपालिका और एआई का ज्ञान, हुए विशेष व्याख्यान



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के लक्ष्मणगढ़ में मोदी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा विधि के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन व्याख्यानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संवैधानिक न्यायशास्त्र और न्याय व्यवस्था में आ रहे तकनीकी बदलावों से अवगत कराना रहा।कार्यक्रम के पहले सत्र में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्रोफेसर डॉ. भारती कुमार ने 'भारतीय न्यायपालिका और संवैधानिक न्यायशास्त्र का विकास' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे इन फैसलों ने भारत के संवैधानिक ढांचे को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने समकालीन न्यायिक व्याख्याओं और भविष्य में न्यायपालिका की भूमिका पर भी गहन चर्चा की।दूसरे सत्र की मुख्य वक्ता प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, बैंगलोर के स्कूल ऑफ लॉ की डीन प्रोफेसर सरोज शर्मा बोहरा रहीं। उन्होंने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल कोर्ट और भारतीय न्याय प्रणाली पर इसका प्रभाव' विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय तकनीकी ज्ञान से लैस कानूनविदों की मांग करेगा।

### डॉ. अम्बेडकर नवयुवक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

## संगठन को मजबूत करने और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का लिया संकल्प



**पीलीबंगा ( हुक्मनामा समाचार )।** डॉ. अम्बेडकर नव युवक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रिटायर्ड नायब जसवंत सिंह की अध्यक्षता व पीठासीन अधिकारी एडवोकेट नरसीराम भाटिया की उपस्थिति में संपन्न हुई।इस दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।बैठक में युवाओं ने समाजहित में सक्रिय रूप से कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नवगठित कार्यकारिणी में मेघवाल महावीर बालाण अध्यक्ष, सन्दीप सर्वटा उपाध्यक्ष, राहुल खन्ना सचिव, भजन लाल महा सचिव, सुभाष बारोलिया कोषाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष धर्मेंद्र बेगड़ सहित अन्य पदों पर युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।आगामी बाबा साहेब जयंती समारोह को भव्य बनाने का ज़िम्मेदारी गिरधारी लाल बालाण व भजन लाल महेरड़ा को सौंपी गई।पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, युवा विकास और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य करेगा।

### बयाना में ऑयल मिल एसोसिएशन कार्यकारिणी का हुआ गठन

# गुलजारीलाल हरजाई को अध्यक्ष व महेश तिवारी को मिली सचिव की जिम्मेदारी



**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** बयाना में सोमवार को ऑयल मिल एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान गुलजारी लाल हरजाई को सर्वसम्मति से अध्यक्ष और महेश तिवारी को सचिव चुना गया।

वेयर हाउस रोड स्थित अमर पैलेस में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के ऑयल मिल संचालकों ने भाग लिया। उन्होंने ऑयल मिल कारोबार से जुड़े मुद्दों, व्यापारिक समस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

नई कार्यकारिणी में प्रेमप्रकाश नावली को उपाध्यक्ष, अनिल काचैरा को मंत्री और जयदेव बंसल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा, सरदार मंगल सिंह, राकेश कुमार दमदमा, राजेश गोयल, गोपाल काचैरा, कैलाश परौआ और राजू मंगल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने नवगठित टीम को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी ऑयल मिल व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी।

एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि संगठन के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, ऑयल मिल कारोबार को बेहतर बनाने और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा।

## पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग करने पर प्रतिबंध

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले से लगने वाले पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक पाकिस्तानी इलाके में लगे मोबाईल टॉवरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के अन्दर 3-4 किलोमीटर तक आने की सम्भावना है। फलस्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा पर आशांकित खतरे के दृष्टिगत पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग करने पर जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर डॉ. मंजू द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया गया है कि श्रीगंगानगर जिले के किसी भी क्षेत्र, जहां से पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग से एवं पाकिस्तानी नेटवर्क के जरिये सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

## उनियारा तहसील की गुर्जर महासभा की नई कार्यकारिणी घोषित

**बनेठा ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान गुर्जर महासभा की उनियारा तहसील इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। तहसील अध्यक्ष आकाश चेची ने बताया कि संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नई टीम का गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी में दीपक गुर्जर, बिहारी लाल गुर्जर, मोहर सिंह चौधरी, प्रकाश चेची और रामहेत गुर्जर को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि महेन्द्र पटेल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री पद पर राकेश चेची, शंकर लाल पोसवाल, नवल गुर्जर, प्रधान खटाणा, रूप सिंह फागणा और मनीष को नियुक्त किया गया है। वहीं संगठन मंत्री के रूप में देवराज गुर्जर, रामजी गुर्जर और देवकिशन गुर्जर को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा देवकीशन फौजी को कोषाध्यक्ष, रामजस और देवराज को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दिलराज पोसवाल को मीडिया प्रभारी तथा बन्ना जी और सांवर गुर्जर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

## असलम खान को मिली कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने भरतपुर जिले की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में बयाना के वॉटर वर्क्स स्थित मुस्लिम कॉलोनी निवासी असलम खान को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार की गई। प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार ने इस नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है। साथ ही, अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाना भी प्रमुख लक्ष्य है।

चोपदार ने कहा कि नई कार्यकारिणी के माध्यम से जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी। इससे कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

पार्टी नेतृत्व की मंशा है कि अल्पसंख्यक समाज के लोगों को संगठन में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिले। इसके माध्यम से उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक हितों की आवाज मजबूती से उठाई जा सके। इसी उद्देश्य से नई टीम में सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

# सात दिवसीय शिव पुराण कथा भक्ति भाव से हुआ समापन शिवलिंग को ढोल नगाड़ों पर नृत्य प्रस्तुति कर जल में किया विसर्जन

**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सात दिवसीय शिव पुराण कथा का भक्ति भाव से हजारों सैकड़ो श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ समापन , शिव भक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में वार्ड नंबर 6 से आयोजित शिव पुराण कथा के समापन पर लंगर प्रसादी वितरण के बाद कथा व्यास मनोज शर्मा के नेतृत्व में डीजे साउंड पर शिव भोले बाबा के जयकारों को गूंजाईमान करते हुए मुख्य मार्गो से निकली शिवलिंग की भव्य शोभायात्रा में उपड़ा श्रद्धा भाव का सैलाब , महिला व पुरुष श्रद्धालुओं में शोभा यात्रा का अहम हिस्सा बनकर शिव भोले बाबा के लोकप्रिय गीतों पर भक्ति भाव से नृत्य प्रस्तुतियां देते



हुए निकटवर्ती गांव तीन आरबी नहर पर पहुंचे जहां शिवलिंग कों बहते जल में मनोज शर्मा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण का कार्य संपन्न करवाने के बाद श्रद्धा भाव से विसर्जन कर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि हेतु सामूहिक रूप से शिव भोले बाबा व जल देवता से मंगल कामनाएं की , श्री दुर्गा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी मनोज शर्मा व दिनेश शर्मा, राहुल पारवानी संजय राठी, जीवन सोनी, मनजीत सोनी , शिव प्रेमी रिंकू सहित ब्ड़ी तादाद में प्रमुख व्यक्तियों सुख समृद्धि हेतु आयोजित शिव पुराण कथा में सम्मिलित होकर शिव बाबा का गुणगान कर हर दिन कथा का आनंद उठाया।

## जेके लक्ष्मी सीमेंट 2026 क्रिकेट लीग सीज़न में राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना




**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि वह 2026 सीज़न के लिए राजस्थान रॉयल्स की प्रिंसिपल स्पॉन्सर होगी। इस साझेदारी के साथ ब्रांड की फिर से वापसी हो रही है और राजस्थान से जुड़ी इन दोनों संस्थाओं ने एक बार फिर साथ मिलकर काम कर रही हैं।इस साझेदारी के तहत जेके लक्ष्मी सीमेंट का लोगो राजस्थान रॉयल्स की मैच जर्सी के पीछे प्रमुख रूप से दिखाई देगा। पूरे सीज़न के दौरान यह ब्रांड टीम के गियर, स्टेडियम ब्रांडिंग और मैच डे के डिजिटल कंटेंट में भी नजर आएगा।दशकों से जेके लक्ष्मी सीमेंट की राजस्थान में मजबूत उपस्थिति रही है, जो उसके कारखानों, वितरण नेटवर्क और डीलर्स, ठेकेदारों तथा स्थानीय समुदायों के साथ लंबे संबंधों के कारण है। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी इस साझा इतिहास को दर्शाती है— एक ऐसी कंपनी जो राज्य के औद्योगिक विकास में योगदान देती रही है और एक ऐसी टीम जो देश के सबसे बड़े खेल मंचों में से एक पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है।जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, 'राजस्थान हमेशा से हमारी यात्रा का अहम हिस्सा रहा है।

## राजेंद्र सिंह मीणा मीना ने 65 किलो वर्ग वेटलिफ्टिंग में जीता रजत पदक



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** जमवारामगढ़ हरियाणा के लोहारू में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स वेटलिफ्टिग प्रतियोगिता 2025-26 में राजस्थान के टोंक जिले के राजेंद्र सिंह मीना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किलोग्राम भार वर्ग में 95 किलो ग्राम भार उठा कर रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च तक आयोजित सम्पन्न हुई, जिसमें देशभर के 10 से 12 राज्यों के करीब 300 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सहित कई राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए। राजस्थान की ओर से 38 खिलाडियों ने भागीदारी निभाई, जिनमें पहली बार 6 महिला खिलाड़ी भी शामिल रही। राजेंद्र सिंह मीना ने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं कोच राहुल मीना द स्वीट ड्रीम जीम देवली को दिया।

# ईद महोत्सव पर मेले का शुभारंभ, उमड़ी खरीदारों की भीड़

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस लाइन मैदान में केंद्रीय विद्यालय के सामने रविवार को मारवाड़ हैंडीक्राफ्ट की ओर से ईद महोत्सव मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी जय यादव व मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में लगी स्टॉल्स का अवलोकन किया।

पहले ही दिन बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेला संचालक बलदेव सैनी ने बताया कि शहरवासियों को एक ही छत के नीचे मनपसंद उत्पाद वाजिब रेट पर उपलब्ध होंगे।



इसके अलावा बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले, वुडन आइटम, सौंदर्य प्रसाधन, गिफ्ट आइटम, खाद्य उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, गारमेंट, हैंडलूम, आर्टिफिशियल ज्वैलरी और प्लास्टिक के उत्पाद मिलेंगे। इस अवसर पर सदर थानाधिकारी स्वाति (डीएसपी), मनोज शर्मा, डॉ. नदीम खान, शंकर लाल सैनी, पवन यादव, पप्पू गुर्जर, कैलाश सैनी, नौरंग खोथ आदि मौजूद थे।

## कलक्टर-एसपी के नेतृत्व में श्यालावास केंद्रीय कारागार में सघन तलाशी अभियान

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** श्यालावास स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागार में सोमवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जेल परिसर में व्यापक जांच की गई, जिसमें एक ब्लू टूथ कनेक्टर के अलावा कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सागर राणा के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से तीन बजे तक बंदियों, उनके वार्डों, बैरकों एवं कोठरियों की आधुनिक उपकरणों की सहायता से गहन तलाशी ली गई।तलाशी कार्यवाही में अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा, नांगल राजावतान उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा, नांगल राजावतान वृत्त पुलिस उप अधीक्षक दीपक मीणा, नांगल राजावतान तहसीलदार नवल किशोर शर्मा सहित लवाण, राहुवास, नांगल राजावतान एवं पापड़दा के थानाधिकारी मौजूद रहे। लगभग 80 पुलिस जवानों ने अभियान में भाग लेकर तलाशी कार्यवाही को अंजाम दिया।तलाशी के दौरान एक ब्लू टूथ कनेक्टर मिला। इसके अलावा जेल मैन्युअल के अनुसार किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई। इस दौरान जेलर रामचन्द्र, मुख्य प्रहरी जीवराज सिंह, ओम प्रकाश शर्मा तथा ओम प्रकाश लेगा ने प्रशासन एवं पुलिस टीम का सहयोग किया।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के गृह विभाग के निर्देशानुसार जेलों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए माह में दो बार पुलिस प्रशासन द्वारा नियमित रूप से तलाशी अभियान चलाया जाता है।

## अखिल राजस्थान विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 अप्रैल को

**नारायणपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** विश्वकर्मा युवा मित्र मंडल एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, प्रदेश सभा राजस्थान के युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वकर्मा समाज के लिए एक अखिल राजस्थान विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे एवं प्रत्येक जिले के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किए हैं। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महसभा, जिलासभा कोटपुतली-बहरोड परीक्षा प्रभारी वेदप्रकाश जांगिड एवं जिला मंत्री सत्यप्रकाश जांगिड ने बताया कि परीक्षा 26 अप्रैल को प्रदेश भर में आयोजित की जाएगी।

आवेदन की अंतिम तिथि 3 अप्रैल निर्धारित की गई है। परीक्षा आरपीएससी यूपीएससी की तर्ज पर होगी एवं परीक्षा परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट पर अपने जवाब देने होंगे। परीक्षा के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। जिसमें जूनियर ग्रुप में कक्षा 6ठीं से 8वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे एवं सीनियर ग्रुप में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम विजेता को 31 हजार रूपए, द्वितीय विजेता को 21 हजार रुपए व तृतीय विजेता को 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।


### राजस्थान को जानें डिजीटल क्विज और राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 कार्यक्रम मंगलवार को

**चूरू।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार, 17 मार्च को सवेरे 10.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाऊन हॉल में 'राजस्थान को जानें' डिजीटल क्विज प्रतियोगिता और राजस्थान युवा शक्ति दिवस - 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि टाऊन हॉल में राजस्थान को जानें डिजिटल का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ जिला स्तरीय युवा सम्मेलन कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित राजस्थान युवा शक्ति दिवस -2026 कार्यक्रम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहेगा।

## सांसद हरीश चन्द्र मीना भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बने

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसदी हरीश चन्द्र मीना को 18वीं लोकसभा की अवधि के लिए गठित भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया है।

इस संबंध में लोकसभा सचिवालय नई दिल्ली के सम्मेलन एवं प्रोटोकॉल प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें आधिकारिक रूप से सूचित किया गया है। भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग व मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करना है। इस मंच के माध्यम से दोनों देशों के के बीच विचारों का आदान-प्रदान,



संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के दौरे तथा व्यापार, शिक्षा, संस्कृति व विभिन्न क्षेत्रों में विकास हेतु आपसी सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। सांसद हरीश चन्द्र मीना का इस प्रतिष्ठित संसदीय समूह में सदस्य के रूप में नामित होना टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है। उनके अनुभव एवं सक्रिय भूमिका से भारत एवं नाइजीरिया के बीच संसदीय कूटनीति को मजबूती मिलेगी तथा अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंच पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व एवं अधिक सशक्त होगा। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए भारत एवं नाइजीरिया के बीच मित्रता, सहयोग एवं संसदीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

## इकोफाई ने इन्वेस्टर्स से ग्रोथ इक्विटी में 380 करोड़ रुपए जुटाए

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एवरसोर्स कैपिटल के समर्थन वाली एक जानी-मानी ग्रीन एनबीएफसी, इकोफाई ने आज 380.5 करोड़ रुपए (लगभग 42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के नए इक्विटी कैपिटल के सफल क्लोजर की घोषणा की है। इस फंडिंग राउंड में दो बड़े ग्लोबल डीएफआई- ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई), यूके का डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन और इम्पैक्ट इन्वेस्टर, और फिनफंड डिजिटल एक्सेस इम्पैक्ट फंड ढ्ढ (डीएआईएफ), जिसे फिनफंड, फिनिश डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन और इम्पैक्ट इन्वेस्टर मैनेज करता है – ने हिस्सा लिया और नए इन्वेस्टर्स के तौर पर शामिल हुए। यह इन्वेस्टमेंट इकोफाई के अलग, रिटेल-नीत मॉडल में दुनिया भर के निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। इस दौर में मौजूदा इन्वेस्टर एवरसोर्स कैपिटल, जो एक प्रमुख सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टर है, और एफएमओ, जो डच एंटरप्रेन्योरियल डेवलपमेंट बैंक है, से भी लगातार प्रतिबद्धता देखने को मिली। इकोफाई की को-फाउंडर, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा, 'इकोफाई इस विश्वास पर बना था कि भारत का ग्रीन ट्रांजिशन छोटे बिज़नेस, व्यक्तिगत ग्राहक और घरों के रोजाना लिए गए फैसलों से चलेगा। पिछले तीन सालों में हमने एक टेक्नोलॉजी पर आधारित, रिटेल पर फोकस करने वाला ग्रीन फाइनेंस प्लेटफॉर्म बनाया है, जिसमें मजबूत यूनिट इकोनॉमिक्स, डिसिप्लिन्ड रिस्क मैनेजमेंट और स्केलेबल इम्पैक्ट है। यह कैपिटल हमें अपनी पेशकशों को और बेहतर बनाने, डिस्ट्रीब्यूशन बढ़ाने और आकर्षक, रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न देते हुए एक हाई-क्वालिटी ग्रीन लेंडिंग फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करता है।

## एक रुपए और नारियल में हुई शादी, दहेज मुक्त विवाह से राजौरिया परिवार ने पेश की मिसाल

**फुलेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** फुलेरा नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा जयपुर जिला देहात दक्षिण के प्रवक्ता रतन राजौरिया ने अपने पुत्र हर्ष राजौरिया (यूडीसी, उद्योग भवन जयपुर) का विवाह बिना दहेज के केवल एक रुपया और नारियल लेकर संपन्न कर समाज के सामने सराहनीय मिसाल पेश की है। गौरतलब है कि उन्होंने अपने बड़े पुत्र नितिन राजौरिया का विवाह भी बिना दहेज के ही किया था। उनके छोटे पुत्र हर्ष राजौरिया का विवाह निशा सुपुत्री प्रेमचंद बुटोलिया निवासी अलवर के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने बिना दहेज के विवाह करने पर राजौरिया परिवार की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कदम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और दहेज प्रथा जैसी कुरीति को समाप्त करने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा इस प्रकार की पहल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे सादगीपूर्ण व दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा मिलेगा।

# लेन ड्राइव अभियान के तहत वाहन चालकों को किया जागरूक



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस थाना राहुवास द्वारा लेन ड्राइव अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले भारी वाहन चालकों और हल्के वाहन चालकों को निर्धारित लेन में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया।इस दौरान वाहन चालकों को बताया गया कि एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित यात्रा के लिए लेन ड्राइव सिस्टम का पालन करना आवश्यक है। पुलिस ने चालकों को ओवरस्पीड, गलत लेन में वाहन चलाने और लापरवाही से बचने की भी सलाह दी।

साथ ही जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक्सप्रेसवे पर चार बड़े बैनर भी लगाए गए, जिनके माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों और लेन ड्राइव सिस्टम का पालन करने का संदेश दिया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**फुलेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव के लिए पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण 7वें राउंड के तहत सोमवार को खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ श्री हरसिद्धि गौशाला में किया गया। इस अवसर पर गौशाला संचालक त्रिलोकीदासजी महाराज ने बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में उपनिदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. संजीव कुमार सिंघव व डॉ. गणेश कुमार गर्ग तथा उनकी सहयोगी टीम का स्वागत किया और अभियान में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका के निवर्तमान पार्षद गजेंद्र सिंह, सरदार चौधरी तथा गौशाला समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। टीकाकरण टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, पशुधन निरीक्षक लोकेश दंबीवाल, रामनिवास भटेश्वर और हजारी मीणा ने सहयोग किया। गौरतलब है कि अभियान के तहत क्षेत्र में सभी पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा।

## बोबा भाई ने राजस्थान में अपने 88वें और 89वें स्टोर गुलाबी शहर जयपुर में खोले

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत के सबसे बड़े ओमनीचैनल बबल टी और कोरियाई स्ट्रीट फूड ब्रांड बोबा भाई ने जयपुर में अपने 88वें और 89वें आउटलेट खोले हैं। मालवीय नगर और राजा पार्क में स्थित ये नए स्टोर राजस्थान और उत्तर भारत में ब्रांड की बढ़ती उपस्थिति को और मजबूत करते हैं। इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, बोबा भाई के संस्थापक ध्रुव कोहली ने कहा, 'जयपुर एक ऐसा शहर है जो परंपरा और आधुनिक स्वाद का अनूठा संगम है। राजस्थान में इस लॉन्च के साथ अपनी उपस्थिति का विस्तार करना हमारे लिए एक रोमांचक क्षण है। पिंक सिटी में ऐसे लोग हैं जो तीखे स्वाद और नए अनुभवों की सराहना करते हैं। हम जयपुर में अपने कोरियाई स्ट्रीट फूड, जापानी और ताइवानी शैली की बबल टी और फ्यूजन व्यंजनों को पेश करने के लिए उत्सुक हैं, साथ ही वैश्विक स्वादों को सुलभ और किफायती बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे।'

## चुपा चुप्स ने पेश किया 'क्रेज़ी रैफे'

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** परफेट्टी वैन मेल्ले के कन्फेक्शनरी ब्रांड चुपा चुप्स ने 'क्रेज़ी रैफे' नामक नए उत्पाद के लॉन्च के साथ स्नैकिंग में मस्ती का तड़का लगाया है। यह एक लंबी, ट्विस्टेड और सेंटर-फिल्ड जेली है, जो रोज़मर्रा की स्नैकिंग को एक मज़ेदार अनुभव में बदल देती है। ?20 कीमत वाली 30 ग्राम की यह जेली खास तौर पर किशोरों और प्री-टीन उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है, जो देखने में आकर्षक और इंटरैक्टिव कैंडी अनुभव प्रदान करती है। नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए परफेट्टी वैन मेल्ले इंडिया की डायरेक्टर - मार्केटिंग, गुंजन खेतान ने कहा, 'चुपा चुप्स रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और मस्ती का प्रतीक है। 'क्रेज़ी रैफे' के साथ हमारा उद्देश्य ऐसा फॉर्मेट पेश करना था, जो आज के किशोरों के लिए नया, इंटरैक्टिव और रोमांचक महसूस हो। यह सिर्फ फ्लेवर की बात नहीं है, बल्कि रोज़मर्रा के पलों को मज़ेदार और अभिव्यक्तिपूर्ण अनुभव में बदलने की कोशिश है। इसका लंबा ट्विस्टेड आकार और सेंटर फिलिंग आश्चर्य और खोज का एक नया तत्व जोड़ते हैं।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में लगातार 12वीं बार मनोनयन पर शिक्षक समुदाय ने किया डॉ. आचार्य का भव्य अभिनंदन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति में लगातार 12वीं बार सदस्य मनोनीत होने पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व प्रदेश मंत्री और प्रदेश के वरिष्ठ शिक्षक नेता रहे डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य का सोमवार को उनके निवास स्थान पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर इकाई द्वारा भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया गया। डॉ. आचार्य के धोबी धोरा स्थित निवास पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने उनकी सक्रियता, दीर्घकालिक सांगठनिक अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए संगठन को उनके द्वारा लगातार प्राप्त सहयोग और सानिध्य हेतु आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर नरेन्द्र आचार्य, बबीता वर्मा, विकास पंवार, अनवर, मोहम्मद फैसल, सारिका शर्मा, अर्चना, भारती अनेजा, अशोक और मोहम्मद रमजान इत्यादि ने डॉ. आचार्य को साफा, शाल और दुपट्टा ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। डॉ. आचार्य ने अपने सम्मान हेतु धन्यवाद ज्ञापित कर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केवल मेरी नहीं बल्कि संगठन के प्रत्येक निष्ठावान कार्यकर्ता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। लगातार 12वीं बार राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा ध्येय सदैव शिक्षक हितों की रक्षा और संगठन की



विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे सदैव इसी ऊर्जा और सेवाभाव के साथ निष्पक्ष रूप से जनसेवा के कार्य करते रहेंगे।

## काकड़ा गांव से 20 वर्षीय युवती लापता, परिजनों ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में जसरासर थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव से एक 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवती के पिता ने जसरासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार काकड़ा निवासी एक ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री 16 मार्च 2026 को सुबह करीब 5:30 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों ने आशंका जताई है इसी गांव दो महिलाए पिछले कुछ दिनों से उनकी बेटी को रिश्तेदारी में शादी करने के लिए बहला-फुसला रही थीं। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि उक्त दोनों महिलाओं ने अपने घर पर रासीसर निवासी एक व्यक्ति को बुलाया और मिलकर उनकी बेटी पको बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए।

## बीकानेर सेंट्रल जेल में चला सर्च अभियान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जेल प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, बैरकों और वार्डों की ली गई सघन तलाशी, कैदियों की भी की गई जांच-पड़ताल, सुरक्षा को लेकर अचानक चलाया गया अभियान, जेल परिसर में मची हलचल, हालांकि सर्च अभियान के दौरान कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला, 75 से अधिक जवानों की मौजूदगी में चला अभियान, कुछ दिन पहले भी जेल में किया गया था सर्च, आईपीएस अनुष्ठा कालिया, तहसीलदार सहित कई अधिकारी रहे मौजूद।

## गीत गाता चल होली ईद मिलन कार्यक्रम 23 मार्च को

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी 23 मार्च को महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में शाम 6:30 बजे हिंदी सिनेमा के जाने-माने गायक कलाकारों को याद करते हुए कार्यक्रम ईद मिलन समारोह गीत गाता चल ओ साथी गुनगुनाता चल रंगारंग गीतों के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एम रफीक कादरी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होटल रॉयल इन रानी बाजार के डायरेक्टर इकबाल हुसैन समेजा होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एन डी रंगा व रीतेश अरोड़ा डायेक्टर कंप्यूटर एज्युकेशन डॉट कॉम करेंगे।विशिष्ट अतिथि डॉ सीताराम गोठवाल ,डॉ प्रवीण चतुर्वेदी ,डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी ,डॉ हिमांशु दाधीच, डॉ राकेश रावत ,डॉ दिनेश शर्मा, एम आर मुगल ,मो सदीक चौहान, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पुगलिया ,अरुण पांडे, समुद्र सिंह राठौड़ ,मास्टर अमीर, एम आर कुकरेजा, यशबंशी माथुर ,परितोष झा , वरिष्ठ कांग्रेस नेता नित्यानंद पारीक होंगे।

## अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों हेतु टंकण परीक्षा के अतिरिक्त अवसर एवं आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग ने अनुकम्पात्मक आधार पर नियुक्त उन कार्मिकों के लिए टंकण परीक्षा के आयोजन की घोषणा की है, जिन्होंने अब तक यह अर्हता प्राप्त नहीं की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं टंकण परीक्षा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार कस्वा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय डीग से संबंधित ऐसे समस्त मृतक आश्रित कर्मचारी, जिनकी नियुक्ति 31 दिसंबर 2022 से पूर्व की है, उन्हें सरकार द्वारा टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु दो अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं । इसी क्रम में, इन कार्मिकों के लिए जिला मुख्यालय पर प्रथम अतिरिक्त अवसर के रूप में टंकण परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने अब तक आगामी कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पूर्ण कर, परीक्षा शुल्क के रूप में 500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चेक संलग्न कर सकते हैं । उल्लेखनीय है कि यह डिमांड ड्राफ्ट जिला कलक्टर डीग के नाम देय होना अनिवार्य है।

## समिति का होली स्नेह मिलन उत्साह पूर्वक हुआ

**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** प्रगतिशील कुमावत समिति का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम लोहार्गल स्थित गणेश मंदिर में रविवार को स्नेह और उत्साही माहौल में हुआ। समिति के अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति ने गुलाल लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया।आयोजित मीटिंग में समिति के संरक्षक डॉ राजेंद्र कुमावत द्वारा सम्पादित वार्षिक मेला विशेषांक व आय व्यव विवरणिका का लेखा जोखा कार्यवाही रजिस्टर में इंद्राज किया गया।

## रोजेदारों ने रमजान माह को सब्र और रहमत का महिना बताया



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** माहे रमजान मुक़द्दस महिने में सोमवार की शाम को बीकानेर शहर के फड़बाजार स्थित पठानों के मौहल्ले में स्थित मस्जिद के प्रांगण में अफरीदी पठान एवं उनकी टीम द्वारा मौलाना इब्राहिम की सदारत में रोजेदारों को रोजा इफ्तार पार्टी थी। इस अवसर पर सदर कदीर पठान,असलम पठान, मोनू पठान,जहूर पठान, तैमूर, दानिश, मोनू,अरबाज, गुलाम जिलानी, अल्फाज़, शाकिर हुसैन सहित सैंकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की। इस अवसर पर मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने रमजान माह को सब्र और रहमत का महिना बताया। जिसमें अल्लाह की बंदगी के साथ -साथ ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने और नेक और सच्चाई के रास्ते पर चलने की दुआएं की। कार्यक्रम में विशेष मेहमान के तौर पर राहुल जादूसंगत मौजूद थे। यह जानकारी इफ्तार पार्टी आयोजक अफरीदी पठान ने दी।

## घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में सुधार

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्तमान में मध्य-पूर्व एशिया में जारी संघर्ष के कारण अंतर्राष्ट्रीय गैस आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत श्रीगंगानगर में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति व कालाबजारी रोकने हेतु जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में 'विशेष प्रवर्तन जांच दल, जिला सतर्कता यूनिट' द्वारा सादुलशहर शहरी क्षेत्र में सादुलशहर गैस एजेंसी एवं लालागढ़ जाटान में स्थित बाबू इण्डेन गैस एजेंसी का भौतिक निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर व वास्तविक स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया। जिला रसद अधिकारी श्रीमती पूजा अग्रवाल ने बताया कि गैस एजेंसी को गैस सिलेण्डर की बुकिंग अनुसार नियमानुसार आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। वर्तमान में सभी तेल कम्पनियों के सर्वर सुचारू रूप से कार्यरत है। उपभोक्ता अपने रजिस्ट्रेड मोबाईल नम्बर से नियमानुसार पूर्व आपूर्ति के शहरी क्षेत्र में 25 दिवस व ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिवस बाद बुकिंग कर आपूर्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर आपूर्ति में सुधार हुआ। उपभोक्ताओं को बुकिंग दिनांक से 1 से 2 दिवस में सिलेण्डर प्राप्त हो रहा है तथा एजेंसियों पर बुकिंग करवाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में भी कमी हुई है।

## उधारी के पैसे मांगना युवक को पड़ा महंगा आरोपी ने कर दी हत्या,तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में जसरासर थाना क्षेत्र के गांव उत्तमामदेसर में उधारी के पैसे मांगने के विवाद में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतक के भाई ने जसरासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस के अनुसार उत्तमामदेसर निवासी मुकेश जाट ने रिपोर्ट में बताया कि उनके घर के बाहर परचून की दुकान है, जिसे उसका छोटा भाई हरीराम संभालता था। घर के सामने रहने वाले सुरजाराम सारण व उसके बेटे दुकान से सामान खरीदते थे और कुछ रुपये उधार चल रहे थे। हरीराम कई बार उनसे उधारी के पैसे मांग चुका था। रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च की शाम करीब 8:15 बजे मुकेश अपने ताऊ मधाराम, गोरीशंकर, व भगताराम के साथ दुकान पर बैठा था। इसी दौरान सुरजाराम घर से बाहर गली में आया तो हरीराम ने उससे उधारी के रुपये मांगे। इस पर दोनों गालीगलौच करने लगे इसके बाद सुरजाराम ने आवाज देकर अपने लड़को को बुला लिया । आरोप है कि प्रेम ने पीछे से हरीराम को पकड़ लिया और नरेन्द्र ने नुकीले धारदार हथियार से उसकी छाती पर वार कर दिया।घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से अपने घर में भाग गए। परिजन घायल हरीराम को इलाज के लिए बीकानेर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। बाद में नापासर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस तपतीस के बाद पूरे घटना की जानकारी मिलेगी।वहीं दूसरी ओर पिछली शनिवार की रात लेनदेन के विवाद को लेकर हुए झगड़े में घायल मुरली रैगर का पीबीएम में उपचार चल रहा, रैगर समाज के लोग पहुंचे थाने, घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग, पुलिस घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटा रही, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज एकत्रित कर रही पुलिस, घायल के परिजनों ने थाने में पांच नामजद ओर आधा दर्जन अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दी।

## बीकानेर में भारत माला सड़क पर भीषण हादसा, दो की मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** ट्रक की टक्कर से ड्राइवर सहित दो की मौत, नापासर थाना क्षेत्र में पिछली रविवार की देर रात को हुआ हादसा, लूणकरणसर की ओर जा रहा था ट्रक, अज्ञात वाहन से पीछे टकराया ट्रक, टक्कर इतनी जबरदस्त की केबिन में फंसे दो लोग, पुलिस ने मशक्कत के बाद दोनों को निकाला बाहर, मौके पर ही दोनों की हो चुकी थी मौत, शवों को बीकानेर मोर्चरी में रखवाया गया, कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी रहा प्रभावित, पुलिस जुटी मामले की जांच में।

## रसद विभाग की बड़ी कार्रवाई,46 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जिला रसद विभाग द्वारा पिछली रविवार की देर रात भी सघन प्रवर्तन कार्रवाई जारी रही।रविवार देर रात जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा सर्वोदय बस्ती पहुंचे। मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध बाड़े का गेट खोलकर जांच की गई, जहां से 38 घरेलू गैस सिलेंडर, गैस रिफिलिंग मोटर तथा तोलन कांटा बरामद किया गया। मौके पर पुलिस थाना मुक्ता प्रसाद के थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरुपयोग की रोकथाम के लिए प्रवर्तन दल द्वारा लगातार देर रात तक कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में रात्रि के समय कलेक्ट्रेट के पीछे चाट, बर्गर, पावभाजी आदि की स्टालों तथा ढोला मारू के सामने संचालित चाट स्टालों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पाए जाने पर विशेष गठित प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर ही कार्रवाई की गई और 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिले में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक, बुकिंग के दो दिन बाद की जा रही आपूर्ति जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में गैस वितरकों के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा बुकिंग के दो दिन के भीतर रिफिल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि गैस वितरकों की बुकिंग एवं वितरण व्यवस्था पर दिन के समय निगरानी रखी जा रही है, वहीं रात के समय घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## 25 मार्च से शुरू होगी सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि जीन्स सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 15 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जा चुकी है।

पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 25 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीगंगानगर दीपक कुक्कड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6,200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-6001 भी उपलब्ध कराया गया है।

## बीकानेर रेंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अवैध मादक पदार्थ के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, रेंज आईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में एएसपी पवन कुमार भदौरिया की अगुवाई में कार्यवाही, 10 किलो 700 ग्राम अफीम और 5 किलो डोडा पोस्त बरामद, तस्करी में इस्तेमाल हो रहा ट्रक भी पुलिस ने किया जब्त, बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 35 से 40 लाख रुपये आंकी गई, भारत माला एक्सप्रेस-वे पर रावला थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई, जांच जारी, कार्यवाही में एएसआई विमलेश कुमार की रही अहम भूमिका।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक संपन्न

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सभागार, डीग में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा, विभागीय समन्वय, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति और जन-समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारी सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी आगामी बैठकों में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि वे ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और असुरक्षित रूप से संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार चालान की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु धिलावटी से पहाड़ी वाले मार्ग पर संबंधित पुलिस चौकी इंचार्ज को अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वाहन चालकों की सुरक्षा के दृष्टिगत उनके नेत्र परीक्षण शिविरों के आयोजन पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वाहन चालकों के लिए उक्त नेत्र परीक्षण कैंप पूर्व में ही सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

## स्विफ्ट कार व पिकअप की आमने-सामने टक्कर,एक की मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में छत्तरगढ़ थाना क्षेत्र के आरडी 630 (सत्तासर, बज्जू सड़क) के पास सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में स्विफ्ट कार और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसा इतना जोरदार था कि स्विफ्ट कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हादसे में स्विफ्ट कार सवार दलीप सियाग (42) पुत्र गोपीराम निवासी 5 एमकेएम मकेरी (पूगल) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं स्विफ्ट में सवार विक्रम तथा पिकअप सवार सतवीर पुत्र पंजू ओड और मनोज सोमवीर निवासी मालावास, हिसार गंभीर रूप घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन में भेड़-बकरियां भरकर हिसार की ओर ले जाई जा रही थी, जबकि स्विफ्ट कार चालक मकेरी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान आरडी 630 के पास दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी खान पडिहार, सलीम खान और आशिव सरदारपुरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता हुए घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला तत्काल राजकीय चिकित्सालय छत्तरगढ़ पहुंचाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सभी को पीबीएम अस्पताल बीकानेर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस थाना छत्तरगढ़ से हेड कांस्टेबल मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर वाहनों को हटवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर छतरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## गौशाला से तार चोरी, मामला दर्ज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नाल थाना क्षेत्र की गौशाला में चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की यह वारदात सरह बोरला रोही जयमलसर स्थित गंगा जुबली पिंजरा पोल गौशाला में हुई। इस संबंध में गौशाला अध्यक्ष राजेश कुमार बिन्नाणी ने राहुल चौरडिया, पुखराज चौरडिया सहित सात-आठ अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## खेत में उगाए अफीम के 92 पौधे जब्त, किसान गिरफ्तार

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के बज्जू उपखंड के रणजीतपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खेत से अफीम के 92 पौधे जब्त किए हैं। चक 2 जीएसएस डंडकला निवासी गेनाराम पुत्र गोमाराम जाट को मौके से गिरफ्तार किया गया।

## केन्द्रीय विविद्यालय में राजस्थानी संकाय शीघ्र खोला जाए : कमल रंगा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के एक मात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय जो कि किशनगढ़ स्थित है, में राजस्थानी भाषा का संकाय शीघ्र खोला जाए, क्योंकि प्रदेश के करोड़ों लोगों की मातृभाषा राजस्थानी है। जैसा की ज्ञात हुआ है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मराठीभाषा का संकाय खोलने का प्रस्ताव रखा गया है।

ऐसी स्थिति में प्रदेश की प्रमुख एवं समृद्ध राजस्थानी भाषा का संकाय न होना एक दुखद पहलू है। जबकि केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सर्वाधिक छात्र राजस्थान के ही है, मूलत: उनकी मातृभाषा राजस्थानी ही है।

राजस्थानी युवा लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थानी मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने इस संदर्भ में बताया कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राजस्थानी भाषा का संकाय है। राजस्थानी विषय में सैकड़ों छात्र एम.ए कर रहे हैं, और पीएचडी भी अधिकाधिक हो रही है। राजस्थानी भाषा देश की प्रमुख भाषा है जो कि भाषा के सभी वैज्ञानिक मानदण्डों पर खरी उतरती है।

जिसका प्राचीन एवं आधुनिक समृद्ध साहित्य है। इसका विशाल शब्दकोश एवं व्याकरण तो है ही साथ ही इसकी देवनागरी लिपि है। ऐसे में राजस्थानी के छात्र-छात्राओं एवं भाषा के साथ न्याय होना चाहिए। रंगा ने कहा कि प्रदेश में राजस्थानी भाषा की बजाय मराठी भाषा को महत्व देना उचित नहीं है। मराठी भाषा को तो प्रदेश में महत्व मिल रहा है, परन्तु राजस्थानी को नहीं। यह एक विचारणीय विषय है।

उन्होने कहा कि इस विश्वविद्यालय में राजस्थानी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं के संकाय भी आवश्यकतानुसार खोले जाएं, तो किसी भी राजस्थानी समर्थक को कोई एतराज नहीं है। परन्तु राजस्थानी को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस संवेदनशील विषय को लेकर प्रदेश के राजस्थानी भाषा समर्थक,साहित्यकार एवं राजस्थानी के छात्र-छात्राओं में राजस्थानी भाषा की अनदेखी करने पर रोष व्याप्त है। राजस्थानी बुवा लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थानी मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने इस बाबत राज्य के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री तथा संबंधित मंत्रालय आदि को पत्र लिखकर मांग की है कि वे अपने स्तर पर शीघ्र उचित एवं ठोस कार्रवाई करवाकर राजस्थानी भाषा को उसका मान-सम्मान दिलवाते हुए, केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राजस्थानी भाषा संकाय शीघ्र खुलवाने की कार्यवाही करवावें।

## राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवसः जिला स्तर पर वी.सी. के माध्यम से देखा गया राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेणेश्वर धाम, डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साझा किया गया। डूंगरपुर में आयोजित जनसभा, प्रतिनिधिगण से संवाद एवं विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास समारोह की समस्त कार्यवाहियों को जिला स्तर पर सुचारु रूप से देखा एवं सुना गया।